ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक राधेश्याम मुवेल ने 16 सितंबर 2026 को इस संबंध में कॉलेज के डीन को शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि भोपाल-इंदौर यात्रा के लिए टैक्सी का भुगतान निर्धारित नियमों के विपरीत किया गया। शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच कराने का निर्णय लिया। कॉलेज प्रबंधन के दस्तावेजों के अनुसार तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री के निजी स्थापना से भेजे गए पत्रों के आधार पर ट्रैवल एजेंसी को वर्ष 2021, 2022 और 2023 के दौरान करीब 14 से 15 लाख रुपए सालाना भुगतान किया गया। तीन वर्षों में कुल राशि लगभग 40 से 45 लाख रुपए बताई गई है। जानकारी के मुताबिक कोरोना काल के दौरान मंत्री के नाम पर वाहन अटैच किया गया था। इसका भुगतान एमजीएम मेडिकल कॉलेज के स्वशासी मद से किया गया। कॉलेज के अनुसार संबंधित वाहन का उपयोग डॉ. राहुल रोकड़े कर रहे थे, जो पूर्व में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के ओएसडी रह चुके हैं और वर्तमान में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एमटीए के अध्यक्ष हैं।

इंदौर में फैमिली कोर्ट के वकीलों का प्रदर्शन

प्रिंसिपल जज की कार्यशैली का जताया विरोध, सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश की कार्यशैली और व्यवहार को लेकर वकीलों ने आपत्ति जताई है। जिला कोर्ट और हाईकोर्ट के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया।

वकीलों ने प्रशासनिक न्यायाधीश से मुलाकात कर अपनी शिकायतें रखीं और कहा कि व्यवहार में सुधार नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश पाल के मुताबिक नई कार्यकारिणी के चुनाव के बाद से ही कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के व्यवहार को लेकर वकीलों और पक्षकारों की शिकायतें मिल रही थीं। वकीलों का आरोप है कि न्यायाधीश का बातचीत करने का तरीका और आचरण उचित नहीं है। इस संबंध में पहले भी हाईकोर्ट में दो बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। इंदौर जिला न्यायालय और हाईकोर्ट के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक न्यायाधीश से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने न्यायालय में वकीलों और पक्षकारों के साथ व्यवहार को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। वकीलों का कहना है कि न्याय व्यवस्था में बार और बेंच दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में अधिवक्ताओं और पक्षकारों के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए, ताकि आम लोगों का न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा बना रहे।

सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन की तैयारी- जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश पाल और सचिव धर्मेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश को अपने व्यवहार में सुधार के लिए अंतिम अवसर दिया है। यदि इसके बाद भी बदलाव नहीं आया तो वकील पहले कार्य बहिष्कार करेंगे। जरूरत पड़ने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल या न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय भी लिया जा सकता है।

बैठक में तय होगी आगे की रणनीति- वकीलों के अनुसार- प्रधान न्यायाधीश ने भविष्य में अपने व्यवहार पर ध्यान देने का आश्वासन दिया है। अब आगे की रणनीति जिला न्यायालय और हाईकोर्ट के दोनों अधिवक्ता संघों के सदस्यों के साथ बैठक कर तय की जाएगी। फिलहाल वकीलों ने सुधार के आश्वासन के बाद आगे की कार्रवाई को लेकर अंतिम निर्णय नहीं लिया है।



संस्था पौरुष ने भी कोर्ट के मुख्य द्वार पर की नारेबाजी

फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश के व्यवहार को लेकर वकीलों के विरोध के बीच संस्था पौरुष इंदौर भी समर्थन में उतर आई। संस्था के अध्यक्ष अशोक दशोरा के नेतृत्व में सदस्यों ने कोर्ट के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। दशोरा ने कहा कि वकीलों के साथ कथित अभद्र व्यवहार, अपमान और प्रताड़ना के विरोध में संस्था उनके साथ खड़ी है। दशोरा ने बताया कि अब तक पुरुषों के साथ कोर्ट रूम में कथित दुर्व्यवहार और अपमान की शिकायतें सामने आती रही हैं। अब वकीलों के साथ भी ऐसी घटनाओं के आरोप लग रहे हैं, जिसका संस्था विरोध करती है। प्रदर्शन के दौरान सदस्यों ने न्याय करो, अन्याय नहीं, अधिवक्ताओं का सम्मान करो और विक्टिम्स का सम्मान करो जैसे नारे लिखे पर्चे प्रदर्शित किए। वकीलों ने भी इन नारों को दोहराकर समर्थन जताया।

प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना में पट्टेधारियों को रजिस्ट्री करवाने में पटवारी कतरा रहे

कलेक्टर्स ने बर्खास्त करने की चेतावनी दी लेकिन पटवारी अनदेखी कर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना में पट्टेधारियों को रजिस्ट्री करवाने में पटवारी कतरा रहे हैं। कलेक्टर्स इन्हें फटकार भी लगा चुके हैं, नौकरी से बर्खास्त करने की चेतावनी भी दी जा चुकी है, लेकिन पटवारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल तक रजिस्ट्री नहीं होने पर प्रदेशभर के कलेक्टर्स के प्रति नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। पटवारियों का कहना है कि गलत रजिस्ट्री हो जाने पर उनकी नौकरी दांव पर लग जाएगी। अफसर बदल गए तो कोई बचाने नहीं आएगा। पटवारी इसे गलत मान रहे हैं, लेकिन लोकायुक्त संगठन द्वारा रिश्वतखोरी के मामलों में पटवारियों के आंकड़े कुछ अलग ही कहानी बता रहे हैं।

पिछले दो साल में इंदौर-उज्जैन संभाग के 16 जिलों में कुल 32 पटवारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। सभी मामले जमीनों से ही जुड़े हैं। नामांतरण, ऋण पुस्तिका, रिकॉर्ड में नाम चढ़ाने के मामलों में ही दो हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक घूस लेते पकड़े गए हैं। उधर, स्वामित्व योजना में शिविर लगाकर मुफ्त में रजिस्ट्री करवाना है। पटवारी गलत रजिस्ट्री हो जाने के डर से काम नहीं कर रहे हैं।



450 फीट प्लॉट का नामांतरण करवाने तीन हजार मांगे : पटवारी दिनेश जगताप ने प्लॉट का नामांतरण करने 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। सजा होने के बाद उसे सेवा से बर्खास्त तक कर दिया गया।

सीमांकन के लिए 10 हजार चाहिए : पटवारी कला भट्ट ने कांकड़ की नपती के लिए किसान से 10 हजार रुपए मांगे। किसान ने 10 हजार देने से इनकार किया तो काम रोक दिया। लोकायुक्त संगठन ने आखिर में 10 हजार रुपए लेते हुए उसे पकड़ा।

सबसे निजी ऑफिस, सुबह लगती है भीड़

इंदौर के जिले के तमाम पटवारियों ने घर या बाजार में निजी ऑफिस भी खोल रखे हैं। यहां पर कई एवजी भी रखे हुए हैं। रोजाना सुबह 8 से 10 बजे तक बटांकन, सीमांकन कराने के लिए लोग इनके पास जाते हैं। प्रशासनिक संकुल में भी पटवारियों का कक्ष है। वहां बैठने का समय भी फिक्स है, लेकिन बैठक स्थल अधिकांश समय खाली रहता है।

लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय का कहना है कि अकेले इंदौर संभाग में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। सभी मामलों में आदिवासी और किसान पीड़ित थे। उनकी जमीन का बंटाकन, सीमांकन, ऋणपुस्तिका, सरकारी रिकॉर्ड में नाम चढ़ाने की प्रक्रिया की पूरा करने के बदले रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतों का सत्यापन होने के बाद कार्रवाई की गई। रजिस्ट्री से एतराज, नामांतरण में घूस पटवारी खूमसिंह धारवे, कुलदीप यादव को विगत 29 सितंबर को दो लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा था। पटवारी पट्टेदारों को रजिस्ट्री करवाने से मना कर रहे हैं, लेकिन उन्हीं किसानों के नामांतरण करने में जमकर घूस ले रहे हैं। दोनों पटवारी दो लाख रुपए लिए बिना नामांतरण करने को तैयार नहीं थे। आखिर में पीड़ित किसान ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की।

खबर एक नजर...

झारखंड की गैंग ने की थी दंपति से चोरी, पानी में बेहोशी की दवा मिलाकर पिलाई

गुना। ट्रेन में यात्रियों से दोस्ती कर उनका भरोसा जीतना और फिर चाय-पानी में नशीली दवा मिलाकर बेहोश करने के बाद जेवरात व नकदी लूट लेना। गुना जीआरपी ने ऐसे ही अंतरराज्यीय जहरखुरानी गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने झारखंड के जामताड़ा निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी फरार है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में गिरोह की सात राज्यों में वारदातों में संलिप्तता सामने आई है। गिरोह के सदस्य ट्रेन में अकेले या जोड़े में सफर कर रहे यात्रियों को निशाना बनाते थे। मामला 18 जून का है। भोपाल निवासी नर्मदा प्रसाद अहिरवार पत्नी के साथ शादी की सालगिरह मनाने खाटू श्याम जा रहे थे। भोपाल से जोधपुर जा रही ट्रेन की जनरल बोगी में सफर के दौरान दो आरोपियों ने दंपती से बातचीत शुरू की और उनका भरोसा जीत लिया। इसके बाद आरोपियों ने पानी की बोतल में नशीली दवा मिलाकर दंपती को पिला दी। पानी पीने के बाद दोनों बेहोश हो गए। जयपुर स्टेशन पर जीआरपी ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। होश आने पर पता चला कि उनके जेवरात और 9 हजार रुपए गायब हैं। जयपुर जीआरपी ने मामला दर्ज कर केस डायरी भोपाल जीआरपी को भेजी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। इसमें आरोपियों के गुना जिले के रुठियाई स्टेशन पर उतरने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पुराने अपराधों के रिकॉर्ड के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच की कड़ियां झारखंड के जामताड़ा तक पहुंचीं, जहां से पुलिस ने दुर्भुज मंडल को गिरफ्तार कर लिया।

शिक्षकों की पेंशन-ग्रेच्युटी पर संकट, 2 विभागों ने रोका 530 बुजुर्गों का हक

भोपाल। मप्र में जिंदगीभर सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के बाद रिटायर हुए बुजुर्ग शिक्षकों की जमा-पूंजी (ग्रेच्युटी) पर दो विभागों के अफसरों ने रोक लगवा दी। सेवानिवृत्ति के बाद इलाज, बच्चों की शादी और बुढ़ापे के सहारे के लिए मिलने वाली इस वैध राशि को देने से बचने के लिए स्कूल शिक्षा और श्रम विभाग के अफसरों ने मिलकर करीब 530 शिक्षकों की ग्रेच्युटी रोक दी। जबकि जिलों के सहायक श्रम अधिकारियों ने बुजुर्ग शिक्षकों के हक में उपादान भुगतान अधिनियम 1972 के तहत ग्रेच्युटी देने के करीब 2 हजार आदेश जारी किए थे, लेकिन विभागीय अफसरों ने कानूनी रास्ता अपनाने के बजाय वल्लभ भवन से बैकडोर रास्ता निकाला। स्कूल शिक्षा विभाग ने 530 रिटायर शिक्षकों की सूची तैयार कर सीधे मंत्रालय में श्रम सचिव के पास एकजाई अर्जी लगा दी। इसके बाद श्रम सचिव ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर एक आदेश जारी किया और सभी 530 बुजुर्गों के ग्रेच्युटी भुगतान पर अंतरिम रोक (स्टे) लगा दी। इस मामले में जब स्कूल और श्रम विभाग के अफसरों से बात करनी चाही तो दोनों की तरफ से जवाब नहीं मिले।

अब तक नारकोटिक्स विंग का सिर्फ 1 थाना इंदौर में

भोपाल। नशामुक्त भारत वर्ष-2029 के लक्ष्य के तहत मप्र को भी नशे के अवैध कारोबार से मुक्त करने की कवायद शुरू की गई है। इसी क्रम में मप्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) का गठन किया जा रहा है। मप्र को नक्सलमुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली हॉक फोर्स के पदों को इस नई एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में समायोजित किया जाएगा। बता दें, मप्र में पहले से नारकोटिक्स विंग कार्यरत है और इसका एकमात्र थाना इंदौर में है। मप्र में एनडीपीएस संबंधी अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मौजूदा समय में प्रदेश के तकरीबन सभी जिले मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से प्रभावित हैं। ऐसे में प्रदेश के 8 जिलों में नए नारकोटिक्स थाने बनेंगे। अभी प्रदेश में एकमात्र थाना इंदौर में है, जिससे पूरे प्रदेश में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना संभव नहीं है। एएनटीएफ मुख्यालय और 8 थानों के लिए कुल 451 स्थायी और 54 अस्थायी तकनीकी पदों का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है। यहां से वित्त विभाग की मंजूरी के बाद प्रदेश में एएनटीएफ आकार लेगी। खास बात यह है कि एएनटीएफ के गठन से राज्य शासन पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आने की बात कही जा रही है। एएनटीएफ का गठन प्रदेश में पहले से संचालित नारकोटिक्स विंग और हॉक फोर्स के स्वीकृत पदों से किया जाएगा।

गांधी नगर सिरप कांड, 200 रुपए का कफ सिरप दोगुने दाम में बेचता था

भोपाल। प्रदेश में कोडीनयुक्त नशीले कफ सिरप की अवैध सप्लाई के मामले में एसटीएफ ने 20 हजार रुपए के इनामी अभिषेक निगम को देहरादून से 7 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। रीवा से फरार अभिषेक महाकौशल क्षेत्र में अवैध कारोबार के सरगनाओं में शामिल बताया जा रहा है। गिरोह 200 रुपए तक की कफ सिरप दोगुने दाम में बेचता था। ट्रांजिट वारंट पर भोपाल लाने के बाद आरोपी को सोमवार को 13 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया। एसपी एसटीएफ राजेश सिंह भदौरिया के मुताबिक, रीवा के कटरा तलैया निवासी अभिषेक, राहुल कुशवाह और सागर निवासी सीटी जैन के साथ मिलकर ऑनरेक्स और ऑफ-कफ सिरप की अवैध सप्लाई करता था।

सचिव की शिकायत के बाद महिला सरपंच पति समेत गायब

30-40 लाख रुपए की कथित गड़बड़ी का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 62 किलोमीटर दूर झलोन ग्राम पंचायत की महिला सरपंच लक्ष्मीबाई और उनके पति अशोक सिंह के घर नहीं लौटने से परिवार परेशान है। परिजनों के मुताबिक, दोनों 8 अक्टूबर को पंचायत में कथित गड़बड़ियों की शिकायत करने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के पास जबलपुर गए थे। 9 अक्टूबर को उन्होंने बरगी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय यादव से भी मुलाकात कर शिकायत की। इसके बाद 10 अक्टूबर को बेटे ने फोन लगाया तो पिता का मोबाइल बंद मिला। सोमवार तक दोनों के घर नहीं लौटने से परिवार की चिंता बढ़ गई। हालांकि गांव से पता चला है कि सरपंच के बेटे ने उनके किसी रिश्तेदार के यहां होने की बात भी कही है।

लक्ष्मीबाई ने पंचायत सचिव पुष्पराज सिंह पर विकास कार्यों में गड़बड़ी, राशि निकालने के लिए ओटीपी लेने और विरोध करने पर धमकाने जैसे गंभीर आरोप लगाए



हैं। उनके पति का दावा है कि पंचायत से 30 से 40 लाख रुपए निकल चुके हैं, लेकिन गांव में विकास कार्य नहीं हुए। परिवार ने बताया कि सरपंच और उनके पति अब तक घर नहीं लौटे हैं। जिला पंचायत के डिप्टी सीईओ पीएल यादव ने शिकायत को गंभीर बताते हुए जांच के लिए जनपद पंचायत शहपुरा की टीम भेजने की बात कही है। लक्ष्मीबाई वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव के दौरान निर्विरोध सरपंच चुनी गई थीं। उनका कहना है कि पिछले साढ़े चार साल में गांव में एक लंबी सड़क के अलावा कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ।

क्या है कथित घोटाला? इन बिंदुओं पर उठे सवाल

30 से 40 लाख रुपए निकालने का दावा: सरपंच के पति अशोक सिंह के मुताबिक, पंचायत से लाखों रुपए निकाले गए, लेकिन गांव में विकास कार्यों के नाम पर बहुत कम काम हुआ।

फर्जी बिल बनवाने का आरोप: अशोक सिंह का आरोप है कि सचिव पुष्पराज सिंह ने गांव के व्यापारी संदीप जैन के साथ मिलकर सड़क, नाली और भवन निर्माण के लिए लोहा, सीमेंट व अन्य सामग्री खरीदने के फर्जी बिल तैयार कराए।

ओटीपी लेकर राशि निकालने का आरोप: लक्ष्मीबाई और उनके पति का कहना है कि कम पढ़े-लिखे होने का फायदा उठाकर सचिव पहले उनका मोबाइल लेकर ओटीपी हासिल करता था और फिर सरकारी राशि निकालता था।

मोबाइल छीनने और धमकाने की शिकायत: परिवार का आरोप है कि जब उन्होंने मोबाइल देना बंद किया तो सचिव ने कथित तौर पर जबरन मोबाइल छीनना शुरू कर दिया। विरोध करने पर धमकियां भी दी गईं।

खर्च का हिसाब मांगा: सरपंच का कहना है कि पंचायत से राशि निकलने के बावजूद उन्हें यह जानकारी नहीं मिली कि पैसा कहां और किन कामों पर खर्च किया गया।

ये सभी आरोप सरपंच और उनके परिवार की ओर से लगाए गए हैं। राशि के वास्तविक उपयोग, बिलों की सत्यता और कथित अनियमितताओं की पुष्टि जांच और पंचायत के रिकॉर्ड से होना बाकी है।

पिता-चाचा की हत्या का बदला लेने 6 लोगों का मर्डर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में 6 लोगों की हत्या के मामले में फरार आरोपी रामसिंह धीरसिंह तोमर को अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने हरियाणा से गिरफ्तार किया है। 5 मई 2023 को लेपा गांव में एक ही परिवार के 3 महिलाओं और 3 पुरुषों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी करीब 3 साल से फरार था। क्राइम ब्रांच ने 7 दिन तक ऑपरेशन चलाकर उसे गुरुग्राम के एक वेयरहाउस से पकड़ा। आरोपी पर 30 हजार रुपए इनाम भी घोषित था। मुरैना जिले के लेपा गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। स्थानीय जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने बदला लेने के लिए अहमदाबाद से धीरेंद्र और उसके परिजनों को राजीनामे के नाम पर बुलाया था। 5 मई 2023 को सुबह उन पर बंदूकों से हमला कर दिया। अंधाधुंध फायरिंग में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में गजेंद्र सिंह बदलू सिंह तोमर, उनके बेटे सत्यप्रकाश सिंह और संजू सिंह के अलावा मधुदेवी, बबली देवी और केशकली देवी शामिल थीं। इस मामले में सिहोनिया पुलिस थाने में 9 आरोपियों के खिलाफ हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। आरोपियों पर 30 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2010 में घूरे को लेकर हुए विवाद में वर्तमान में मारे गए लोगों के परिजनों ने दूसरे पक्ष के दो लोगों की हत्या कर दी थी। आरोप है कि इसी दोहरे हत्याकांड का बदला लेने के लिए 2023 में छह लोगों की हत्या की गई।

नर्मदापुरम में जुआरी की मौत पर हंगामा

परिजनों ने थाने का घेराव कर मारपीट का लगाया आरोप, सस्पेंड करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के बालागंज क्षेत्र में जुआ पकड़ने गई पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक जुआरी की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और समाजजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने और तबीयत बिगड़ने के बाद उसे मौके पर अकेला छोड़कर जाने के आरोप लगाए।

सोमवार रात करीब 10:30 बजे परिजन शव को एंबुलेंस में रखकर सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। यहां शव रखी गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी कर दी और जुआ पकड़ने गई पुलिस टीम के चार कर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की। रात 12:30 बजे तक थाने के सामने सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा रही और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी होती रही। थाने के घेराव की सूचना पर एएसपी अभिषेक राजन, एसडीओपी जितेंद्र पाठक और सिटी कोतवाली टीआई गौरव सिंह बुंदेला समेत अन्य थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने थाने के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था की।

जुआ फड़ पर दबिश में 5 आरोपी पकड़े: पुलिस

एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि जुआ फड़ संचालित होने की सूचना पर पुलिस टीम को भेजा गया था। दबिश के दौरान आरोपी भागने लगे, जिनमें से पांच को पकड़ा गया। मौके से 50 हजार रुपए भी जब्त किए गए। पुलिस के मुताबिक, सूचना थी कि नासिर जुआ खिला रहा था। नासिर के खिलाफ जुआ, मारपीट और आर्म्स एक्ट समेत कुल 18 अपराध दर्ज हैं। इनमें जुए के 11 मामले शामिल हैं। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।



नासिर को मौके पर छोड़कर चले गए पुलिसकर्मी

परिजनों का आरोप है कि पुलिसकर्मी नासिर को मौके पर छोड़कर चले गए। उन्होंने कहा कि तबीयत बिगड़ने के बाद वह करीब 10 से 15 मिनट तक मौके पर पड़ा रहा। बाद में वहां मौजूद लोगों ने उसे उठाकर निजी अस्पताल पहुंचाया। परिजन इसी मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने आरोपों की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

मृतक को पहले भी आ चुका था हार्ट अटैक- जानकारी के मुताबिक, नासिर को पहले भी हार्ट अटैक आ चुका था और उसकी बायपास सर्जरी भी हुई थी। उसका इलाज डॉक्टर श्रीराम अग्रवाल के पास चल रहा था। फिलहाल, मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच भी की जा रही है।

3 दलित बच्चों का सिर मुंडवाया: डर से स्कूल जाना छोड़ा

पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, मोटर चोरी का था शक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिंगरौली

मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में एक गांव के कुछ लोगों ने 3 नाबालिग बच्चों को चोरी के शक में जमकर पीटा। बच्चों के आधे सिर मुड़वा दिए। बच्चों को गांव में गालियां दी गईं। बच्चों ने डर की वजह से स्कूल जाना तक छोड़ दिया है।

बच्चों की उम्र 12 से 15 साल के बीच है। घटना के बाद से बच्चे डरे हुए हैं। स्कूल जाना छोड़ दिया है। बदनामी के डर से बच्चे घर से बाहर निकलने में भी घबराते हैं। आरोपियों में गोविंद सिंह, बलराम सिंह, इंद्रभान सिंह और हरिनारायण बैस के नाम शामिल हैं।

परिजन के मुताबिक, 1 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बच्चों को बंधक बनाकर रखा गया। बच्चों पर मोटर पंप चोरी करने का आरोप लगाया गया था। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट और बदसलूकी की गई। सिर मुंडवा दिया गया।

परिजन का कहना है कि शिकायत लेकर बरगवां थाने गए थे, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय और अजाक थाने पहुंचे। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित बोला- पेड़ से बांधकर पीटा

13 वर्षीय पीड़ित ने बताया- चोरी के मामले में फंसाया जा रहा है। वह मां के कपड़े लेने गया था। रास्ते में बुद्धू सिंह गोंड ने उससे कहा कि चलो, तुम्हें छोड़ देता हूं। लेकिन उसने गाड़ी नहीं रोकी और जंगल ले गया। पीड़ित ने बताया- मोटर चुराने के लिए बोलने लगा। मुझे बुद्धू सिंह और गोविंद सिंह ने बहुत मारा है। मेरे सिर के बाल भी मुड़वा दिए। गोविंद सिंह ने पेड़ से बांधकर मारा भी।

एसपी बोले- दोनों पक्षों में हुआ था समझौता

एसपी शियाज केएम ने बताया- बच्चों पर मोटर पंप चोरी के आरोप थे। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़कर पुलिस को सौंपा था। आरोपी और पीड़ित पक्ष के बीच 1 अक्टूबर को ही समझौता हो गया था। अब परिजन ने बच्चों के साथ मारपीट, सिर मुंडवाने और जातिसूचक गालियां देने के आरोप लगाए हैं। एसपी ने बरगवां थाना प्रभारी को मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

मंगल भवन के घटिया काम का विरोध करने पर हुआ विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कटनी

कटनी बहोरीबंद जनपद की सिहुड़ी ग्राम पंचायत में मंगल भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले ग्रामीण के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित सुनमान लोधी का आरोप है कि निर्माण में स्कूल के गिरे हुए भवन का मलबा इस्तेमाल किया जा रहा था। इसका विरोध करने पर भाजपा समर्थित सरपंच रामकृष्ण लोधी ने गाली-गलौज कर चप्पलों से पिटाई की। घटना का वीडियो सोमवार देर रात सामने आया।

पीड़ित सुनमान लोधी के मुताबिक, 6 अक्टूबर को ग्राम पंचायत में मंगल भवन का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान कथित तौर पर एक स्कूल के गिरे हुए भवन का मलबा निर्माण में इस्तेमाल किया जा रहा था। सुनमान ने इसका विरोध करते हुए निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। आरोप है कि इससे सरपंच रामकृष्ण लोधी नाराज हो गए और उनके साथ मारपीट की। सुनमान लोधी का आरोप है कि सरपंच ने पहले उनके साथ गाली-गलौज की और फिर सार्वजनिक रूप से चप्पलों से पिटाई की। पीड़ित के मुताबिक, घटना के बाद उस पर शिकायत नहीं करने का दबाव बनाया गया। उसने बताया कि सरपंच के बड़े भाई शंकर महतो और अन्य लोगों के आग्रह के बाद शुरूआत में थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई थी।

दर्शन धाम में 14 साल बाद निकली भगवान की भव्य शोभायात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड स्थित दर्शन धाम में 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रविवार को भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान को रजत वेदी पर विराजमान कर भक्तिभाव के साथ शोभायात्रा निकली। इसके बाद विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान का कलशाभिषेक व शांतिधारा हुई। वर्षों बाद आयोजित इस शोभायात्रा को लेकर समाजजनों में भारी उत्साह दिखा। पूरे परिसर में धर्म, श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।

दिगंबर जैन परंपरा के अनुसार दशलक्षण महापर्व के बाद मंदिरों में भगवान की शोभायात्रा निकालकर कलशाभिषेक एवं शांतिधारा करने की परंपरा है। इसी धार्मिक परंपरा के तहत दर्शन धाम में यह आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्यलाभ लिया।

अग्रसेन जयंती पर निकला चल समारोह

उज्जैन। अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 11 अक्टूबर को शहर में विविध आयोजन हुए। गोला मंडी धर्मशाला से महाकाल परिसर तक भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें घोड़े और बग्गियां शामिल थीं। कोयला फाटक स्थित मनोरमा गार्डन में रात्रि 8 बजे मुख्य समारोह एवं पारितोषिक वितरण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। समारोह में अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए मंगल कामनाएं कीं। माँ बगलामुखी, हरसिद्धि मैया और चामुंडा माता से सभी पर आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की गई। अग्रवाल पंचायत न्यास, अग्रवाल सोशल ग्रुप, अग्रवाल नवयुवक मण्डल और अग्रवाल महिला मण्डल ने सामूहिक आरती कर वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया। अग्रसेन जयंती पर सक्रिय भागीदारी निभाने वाली संस्थाओं का सम्मान किया गया। इसके साथ ही समस्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए। पारितोषिक व्यवस्था वरिष्ठ कर सलाहकार ओमप्रकाश अग्रवाल की स्मृति में अजेश अग्रवाल और शिल्पी अग्रवाल ने की।

मप्र में 15-16 अक्टूबर को बारिश, ग्वालियर-चंबल के जिले भीगेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में 15 और 16 अक्टूबर को आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के 9 जिलों में असर देखने को मिलेगा। इससे पहले 13 और 14 अक्टूबर को मौसम साफ रहेगा। मौसम केंद्र के मुताबिक- ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में बारिश का अनुमान है। भोपाल और इंदौर में रात में ठंडक बनी रहेगी, जबकि उज्जैन, जबलपुर समेत अन्य शहरों में भी ऐसा ही मौसम रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात) का असर खत्म हो गया, लेकिन अब नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। उत्तरी हिस्से में एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) और नए चक्रवात की वजह से प्रदेश में असर देखने को मिलेगा। प्रदेश से 3 अक्टूबर को ही मानसून लौट चुका है, लेकिन सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ। पिछले एक सप्ताह से पूर्वी हिस्से के जिलों में आंधी-बारिश का असर देखा गया। हालांकि, रविवार और सोमवार को कहीं भी आंधी-बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो अक्टूबर में बारिश, गर्मी और ठंड का ट्रेंड है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अक्टूबर की शुरूआत में ही मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। वहीं, रात में ठंडक है। वहीं, कई जिलों में बारिश भी हो रही है। इस बार प्रदेश में 100 दिन तक दक्षिण-पश्चिम मानसून एक्टिव रहा है।

इस साल सामान्य से कम हुई बारिश- दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर) के दौरान प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानी, 35.8 इंच (95.9 प्रतिशत) बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 37.3 इंच (949.5 मिमी) की तुलना में 1.5 इंच कम है।

मध्यप्रदेश में इस साल सामान्य से कम हुई बारिश

ओवरऑल 4 प्रतिशत कम पानी गिरा। पूर्वी हिस्से में 4% ज्यादा और पश्चिमी हिस्से में औसत से 12% बारिश कम हुई है। प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंकड़ा चार प्रतिशत ज्यादा है। अधिकांश जिलों में कोटे से ज्यादा पानी गिर चुका है, लेकिन बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सागर, सिवनी में 5% से 21% तक कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्से के आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, देवास, धार, हरदा, इंदौर, झाबुआ, खंडवा, मंदसौर, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, सीहोर, शाजापुर, उज्जैन और विदिशा में औसत से 9% से 51% कम पानी गिरा है।

इन 25 जिलों में कोटा फुल- भोपाल, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, मंडला, डिंडौरी, ग्वालियर, गुना, दतिया, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, आगर-मालवा, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर। बाकी 30 जिलों में कम बारिश हुई। इनमें नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, अशोकनगर, मुरैना, मंदसौर, खंडवा, बड़वानी, नीमच, जबलपुर, रीवा, सागर, देवास, सिवनी, सीहोर, शिवपुरी, रायसेन, छिंदवाड़ा, विदिशा, शाजापुर, पांढुर्णा, इंदौर, उज्जैन, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रतलाम, झाबुआ, धार और आलीराजपुर शामिल हैं।

पश्चिम रेलवे द्वारा अनारक्षित विशेष ट्रेनें बांद्रा टर्मिनस ⇌ गोरखपुर एवं उधना ⇌ जयनगर के बीच

गाड़ी संख्या	प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन	परिचालन की तिथियां	प्रस्थान	आगमन
09083	बांद्रा टर्मिनस – गोरखपुर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	04:30 बजे (रविवार)	19:30 बजे (अगले दिन)
09084	गोरखपुर – बांद्रा टर्मिनस	20.10.2026 एवं 27.10.2026	22:45 बजे (सोमवार)	11:15 बजे (बुधवार)

ठहराव: दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, ईदगाह आगरा, टूंडला, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

09071	उधना – जयनगर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	15:45 बजे (रविवार)	11:30 बजे (मंगलवार)
09072	जयनगर – उधना	20.10.2026 एवं 27.10.2026	13:30 बजे (मंगलवार)	08:30 बजे (गुरुवार)

ठहराव: दोनों दिशाओं में वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी स्टेशन।

09073	उधना – जयनगर	18.10.2026 एवं 25.10.2026	09:50 बजे (रविवार)	05:30 बजे (मंगलवार)
09074	जयनगर – उधना	20.10.2026 एवं 27.10.2026	09:00 बजे (मंगलवार)	07:30 बजे (गुरूवार)

ठहराव: दोनों दिशाओं में वडोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी स्टेशन।

उपरोक्त सभी ट्रेनों की संरचना: शयनयान (स्लीपर) श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

उपरोक्त ट्रेनें विशेष किराये पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial
लाइक एवं फॉलो करें हमें:

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

सोनाली बेंद्रे बोलीं- रिश्तों में पंगे होने ही चाहिए, इन्हें सेलिब्रेट करें



एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे इन दिनों शो ह्यधमाल विद पति-पत्नी और पंगा 2ह्ल होस्ट कर रही हैं। शो 10 अक्टूबर से हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे कलर्स चैनल पर प्रसारित हो रहा है। सोनाली मानती हैं कि रिश्तों में परफेक्शन जरूरी नहीं। छोटी-मोटी नोकझोंक, झगड़े और एक-दूसरे को मनाने में ही रिश्तों की खूबसूरती है। उनके मुताबिक, पार्टनर को बदलने के बजाय उसे जैसा है, वैसा स्वीकार करना चाहिए। सोनाली ने शो के नए सीजन, पति गोल्डी बहल के साथ 20 साल से ज्यादा की शादीशुदा जिंदगी, रिश्तों के झगड़ों और सोशल मीडिया पर आदर्श कपल दिखने के दबाव पर बात की। उन्होंने बताया कि गोल्डी को उनकी कौन-सी आदत परेशान करती है, यह जानने में उनकी दिलचस्पी नहीं है। सोनाली के मुताबिक, बीमारी के बाद पति का साथ उनके लिए सबसे बड़ा तोहफा रहा है।

मुझे याद है कि शूटिंग के दौरान मैं बहुत हंसी थी। एक एपिसोड में तो हंसते-हंसते मेरी आंखों से आंसू निकलने लगे थे। मैं इतनी हंसी कि आंसू रुक ही नहीं रहे थे। क्या हुआ था, यह जानने के लिए आपको एपिसोड देखना पड़ेगा। मैं अभी इसका खुलासा नहीं कर सकती। पता नहीं कि इनमें से कौन सच में आदर्श कपल है। यह तो शो देखने के बाद ही पता चलेगा। सभी के अपने-अपने पंगे हैं और हर जोड़े की कहानी अलग है। हमने पहले ही एपिसोड में सबके पंगे पकड़ लिए हैं।

कॉफी विद करण' का आखिरी सीजन, पहले गेस्ट बनेंगे सलमान

करण जौहर ने लिखा- एक आखिरी बार, भाई के साथ कॉफी; 14 अक्टूबर से शुरू होगा शो



करण जौहर के चर्चित टॉक शो 'कॉफी विद करण' का 9वां और आखिरी सीजन 14 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रहा है। इस आखिरी सीजन की शुरूआत बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के साथ होगी। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी है, जिसमें वे सलमान खान के साथ सेट पर नजर आ रहे हैं।

साल 2004 में शुरू हुए इस शो के 8 सीजन में अब तक 161 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। करण जौहर ने इसे अपने टॉक शो का सफर खत्म करने का सही समय बताया है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर प्रोमो वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि एक आखिरी बार, केवल एक भाई के साथ कॉफी। इस वीडियो में करण सलमान से पूछते दिख रहे हैं, इस एपिसोड में बातचीत कहीं भी जा सकती है। जवाब में सलमान कहते नजर आते हैं 'जाएगी ही ये तो तय है'।

इससे पहले भी सलमान खान दो बार इस शो में शामिल हो चुके हैं। वे पहली बार अपने पिता सलीम खान के साथ और दूसरी बार अपने भाइयों अरबाज खान और सोहेल खान के साथ काउच पर बैठे थे। इस बार वे अकेले पहले गेस्ट के तौर पर नजर आएंगे।

करण जौहर का मशहूर चैट शो कॉफी विद करण 22 साल के लंबे सफर के बाद बंद होने जा रहा है। करण जौहर ने शो के अंतिम सीजन की घोषणा की थी।

आखिरी सीजन की घोषणा करते हुए करण जौहर ने शो के सफर को याद किया। उन्होंने कहा कि कुछ सफर ऐसे होते हैं जिन्हें खत्म करने की योजना नहीं बनाई जाती, लेकिन एक समय ऐसा आता है जब उन्हें आगे बढ़ने देने का फैसला करना पड़ता है।

करण ने कहा कि कॉफी विद करण उनकी जिंदगी का अहम हिस्सा रहा है। इस शो ने उन्हें दोस्तियां, यादें, कई अलग-अलग पल और दर्शकों का प्यार दिया। करण के मुताबिक, पूरे सफर में दर्शक लगातार शो के साथ जुड़े रहे। उन्होंने कहा कि दर्शकों ने शो के साथ हंसा, बहस की, ट्रोल किया और इसे सेलिब्रेट किया, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि वे हर बार एक और कप कॉफी के लिए वापस आते रहे।

कॉफी विद करण के कई एपिसोड की बातचीत बाद में सुर्खियों में रही। शो के रैपिड-फायर राउंड, कॉफी हैम्पर्स और सेलिब्रिटीज के बयानों की चर्चा सोशल मीडिया और मीडिया में होती रही है। कई बातचीत मीम्स और बहस का हिस्सा भी बनीं। कई बार शो पर हुई बातचीत इतनी चर्चित हुई कि उसका असर फिल्म इंडस्ट्री से बाहर तक देखने को मिला। कुछ मामलों में मेहमानों के बयान विवादों में रहे, तो एक मामले में भारतीय क्रिकेट के दो बड़े खिलाड़ियों पर कार्रवाई तक हुई। जनवरी 2019 में हार्दिक पंड्या और केएल राहुल कॉफी विद करण के छठे सीजन में पहुंचे थे। इस दौरान महिलाओं को लेकर पंड्या की टिप्पणियों पर विवाद हुआ। पंड्या ने बाद में सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए कहा था कि वह शो के माहौल में बह गए थे। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों को जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया और उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस बुलाया गया। बाद में निलंबन हटा दिया गया।

नवरात्र पर तमन्ना माता की चौकी में शामिल हुईं



मृणाल ठाकुर के साथ गाए भजन; लिखा- 5 घंटे भक्ति में डूबी रही

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने नवरात्र पर माता की चौकी में हिस्सा लिया। अपनी एक दोस्त के घर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में उनके साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी मौजूद थीं।



तमन्ना ने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिनमें वे मृणाल ठाकुर के साथ भजन गाती और आरती में शामिल होती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने एक भावुक नोट शेयर कर बताया कि लगातार 5 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में उन्हें शांति और आध्यात्मिक अनुभव मिला। तमन्ना भाटिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर माता की चौकी की कई झलकियां पोस्ट की हैं। वीडियो में मेहमान भजनों पर झूमते और आरती करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

इनमें से एक वीडियो में तमन्ना अपनी सह-कलाकार मृणाल ठाकुर के साथ बैठकर देवी मां के भजन गाती नजर आ रही हैं। तमन्ना ने इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के अवसर के लिए आभार जताया और अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में बात की। कार्यक्रम के अनुभव को बयां करते हुए तमन्ना ने लिखा कि भजनों की गूंज और माता रानी की कहानियों के जरिए उन्हें ऐसा लगा जैसे वे वैष्णो देवी की यात्रा कर रही हों।

उन्होंने लिखा कि कमरे में उठती संगीत की तरंगों और भक्ति के माहौल के बीच इंसान अंदर से शांत हो जाता है। तमन्ना के अनुसार, संगीत, प्रार्थना और समर्पण के वे 5 घंटे उन्हें एक ही पल के समान महसूस हुए।

आमिर खान की भांजी के साथ पुलिस ने की बर्बरता

आमिर खान की भांजी जैन मैरी 8 अक्टूबर को मुंबई में कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट का हिस्सा बनी थीं। उनके साथ कजिन एक्टर इमरान खान भी पहुंचे थे। प्रोटेस्ट का हिस्सा बनने पर उन्हें डिटेन किया गया था। अब जैन ने एक वीडियो जारी कर डिटेनशन के समय हुई बर्बरता से शरीर पर लगे चोट के निशान दिखाए हैं।

जैन मैरी ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से वीडियो शेयर किया जिसमें उनकी बांह, उंगलियों और पैरों पर चोट के कई निशान दिख रहे हैं। चोट दिखाते हुए जैन ने कहा, ह्लहमें इतना मत डराइए कि पहले से कोई डर ही बाकी न रहे ह्ल जैन ने इंस्टाग्राम स्टोरी से भी एक वीडियो जारी कर दिखाया है कि उनकी जांघ में नील पड़ चुके हैं। जैन मैरी, इमरान खान और लेखा वॉशिंगटन को शनिवार को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। तीनों को कुछ घंटे बाद छोड़ दिया गया। इसके बाद रविवार को इमरान खान के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। मुंबई पुलिस ने रविवार को बताया कि इमरान खान के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (आदेश न मानना), 126(2) (गलत तरीके से रोकना), 189(2) (गैर-कानूनी जमावड़ा), 189(3) और 189(5) लगाई गई हैं। इस मामले में पुलिसकर्मी खुद ही शिकायतकर्ता बने हैं। जैन मैरी ने सोशल मीडिया पर डिटेन किए जाने का वीडियो जारी किया, जिसमें वो, लेखा और इमरान लगातार पुलिस से डिटेन किए जाने की वजह पूछते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा भी जैन ने पुलिस वैन से एक वीडियो जारी किया। जैन ने दावा किया कि उन्हें कथित तौर पर यह नहीं बताया गया कि उन्हें कहां ले जाया जा रहा है।

लेखा वॉशिंगटन ने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर कर बताया कि रिहाई के बाद वे सुरक्षित हैं। साथ ही लेखा ने दावा किया कि रिहाई के बाद भी उनकी मुश्किलें जारी रहीं। उन्होंने कहा कि वे घर लौटने के लिए कैब बुक नहीं कर सके। लेखा के मुताबिक, मुंबई पुलिस उन ड्राइवरों को कथित तौर पर धमका रही थी

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ



जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंद्वी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग्य, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

ऊपर से नीचे

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाइन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

माथा पच्ची

39		56		2		35	=	58
	■		■		■		■	
33		12		3		14	=	10
	■		■		■		■	
5		5		5		5	=	25
	■		■		■		■	
20		2		2		10	=	10
=	■	=	■	=	■	=	■	=
10		41		2		16	=	33 / 33

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

मुं	क	ल	व	ग	ख	ना	क	वें	ज	क				
व	धि	ल	मुं	बे	जी	ज	ट	ह	ला	ढ़				
ई	स	ल	ल	में	छ	पु	आ	दि	ख	क				
क	रा	ज	ध	पु	र	र	प	ल	ख्वी	क				
क	क	दो	ज	ला	द	र	तू	ज	इ	क				
दि	क	ल	प	या	ह	पू	ना	ण	प	को				
ती	इ	ल	टा	र्स	प	ल	श	वें	ला	ल				
क	ला	म	ई	ख	ब	क	फ	ज	ह	ख				
क	ड़	पे	न्ना	ई	क	स	रै	लो	प	ता				
अ	र	ल	प	व	जी	र्त	ऐ	र	प	रु				
क	वे	ल	प	है	द	रा	बा	द	प	क				

शब्दजाल में 10 बड़े शहरों के नाम ढूंढिए. शहरों के नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

दिल्ली, मुंबई, जयपुर, बेंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद, नागपुर, पूना, हैदराबाद.

अष्टयोग

7	5	2		6		1
	34		28		34	
	4	1		3	6	7
1	21	5	29		36	
4				2		5
	27	6	39		35	
	1			7		3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

39	+	50	-	39	+	2	=	25
-	■	+	■	+	■	x	■	+
26	+	2	+	13	+	13	=	39
+	■	-	■	-	■	+	■	-
25	x	3	-	50	x	1	=	25
-	■	+	■	+	■	-	■	-
10	-	5	+	20	-	10	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
28	-	27	+	22	-	17	=	33 / 33

अष्टयोग का हल

5	6	4	1	2	3	7
2	32	5	34	6	33	1
1	2	7	4	5	6	3
4	34	6	31	1	27	2
7	6	1	4	3	2	5
6	33	3	30	4	32	6
3	5	2	6	7	1	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

मध्यम

6	3	7		1	5	4		9
	8						2	
		1		4	8			6
	6			9	7	1		
7	2						5	3
		5	6	3			9	
5			8	2		3		
	4						7	
1		3	7	5		2	6	8

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

5	9	4	1	7	2	6	3	8
6	8	1	4	3	5	2	7	9
2	3	7	8	9	6	1	4	5
9	2	3	7	5	1	4	8	6
4	7	6	9	2	8	5	1	3
1	5	8	3	6	4	9	2	7
8	6	2	5	4	3	7	9	1
7	1	5	2	8	9	3	6	4
3	4	9	6	1	7	8	5	2

मुस्लिम बहुल अजरबैजान के स्कूलों में हिजाब बैन पर विवाद



96% आबादी मुस्लिम, फिर भी सरकार ने बदला ड्रेस कोड; छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाकू

मुस्लिम बहुल देश अजरबैजान में स्कूलों में हिजाब पहनने को लेकर विवाद शुरू हो गया है। देश की करीब 96% आबादी मुस्लिम है, लेकिन सरकार ने सरकारी स्कूलों के ड्रेस कोड में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत ऐसे कपड़े पहनने पर रोक लगाई गई है, जिन्हें सरकार धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ मानती है।

इसके बाद हिजाब पहनकर स्कूल पहुंचीं कुछ छात्राओं और शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से रोक दिया गया। फैसले के विरोध में छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया और प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।



सरकार ने ड्रेस कोड में क्या बदलाव किया

अजरबैजान सरकार का कहना है कि स्कूलों में सभी छात्रों के लिए एक जैसा ड्रेस कोड होना चाहिए। इसी वजह से यूनिफॉर्म से जुड़े नियम बदले गए हैं। नए नियमों में हिजाब का नाम लेकर सीधे रोक नहीं लगाई गई है। लेकिन ऐसे कपड़ों पर पाबंदी लगाई गई है, जिन्हें सरकार देश के धर्मनिरपेक्ष नियमों के खिलाफ मानती है।

सरकार ने यह भी कहा है कि देश की संस्कृति और राष्ट्रीय परंपराओं से जुड़े कपड़े खास मौकों पर पहने जा सकते हैं। इसके लिए स्कूल की संबंधित समिति से मंजूरी लेनी होगी।

96% आबादी मुस्लिम फिर भी धर्मनिरपेक्ष देश

अजरबैजान की करीब 96% आबादी खुद को मुस्लिम मानती है। इनमें ज्यादातर शिया मुस्लिम हैं, जबकि सुन्नी मुस्लिम भी बड़ी संख्या में हैं। इसके बावजूद अजरबैजान का संविधान देश को धर्मनिरपेक्ष बताता है। इसका मतलब है कि सरकार किसी एक धर्म के आधार पर काम नहीं करती। संविधान लोगों को अपने धर्म को मानने की आजादी भी देता है।

यही वजह है कि स्कूलों में हिजाब को लेकर विवाद बढ़ गया है। सरकार ड्रेस कोड को सभी छात्रों पर समान रूप से लागू करना चाहती है, जबकि विरोध करने वालों का कहना है कि हिजाब पहनना किसी की निजी पसंद और धार्मिक आस्था का मामला है।

छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार किया

नए नियमों के खिलाफ अजरबैजान में विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, कम से कम दो स्कूलों में छात्रों ने कक्षाओं का बहिष्कार किया। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें स्कूल में प्रवेश से रोके जाने पर छात्राएं अपनी शिक्षिकाओं से गले मिलती और रोती दिखाई दे रही हैं।

शिक्षिका जहरा हसानोवा ने अल जजीरा को बताया कि उन्हें स्कूल में हिजाब पहनकर आने की अनुमति नहीं होने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हिजाब पहनना निजी फैसला है और इसे पहनना या उतारना व्यक्ति की अपनी पसंद होनी चाहिए।

जेल में बंद पत्रकार ने विरोध में भूख हड़ताल शुरू की

अजरबैजान की जेल में बंद पत्रकार पोलाद असलानोव ने भी नए नियमों के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू की है। उन्हें 2020 में देशद्रोह के मामले में दोषी ठहराया गया था और वह 113 साल की सजा काट रहे हैं। उनकी पत्नी गुलमिरा असलानोवा के फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किए गए संदेश में असलानोव ने कहा कि वह जेल में रहते हुए भी लोगों के संवैधानिक अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

देश में इंटरनेट बंद किए जाने की खबरें भी सामने आईं, लेकिन इंटरनेट पर नजर रखने वाले संगठनों ने इनकी पुष्टि नहीं की है।

रिपब्लिकन पार्टी को 2,600 करोड़ चंदा दिया, यह मिडटर्म इलेक्शन के इतिहास में सबसे ज्यादा

ट्रम्प को जिताने पिछले चुनाव से ज्यादा खर्च रहे इलॉन मस्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क ने जुलाई से अब तक रिपब्लिकन पार्टी को 276 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,600 करोड़ रुपए से ज्यादा चंदा दिया है। मस्क यह पैसा अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवारों की मदद के लिए खर्च कर रहे हैं। इतना पैसा अब तक किसी शख्स ने मिडटर्म चुनाव में खर्च नहीं किया। ाह रकम इतनी बड़ी है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन वाले संगठन ने उस तिमाही में अपने सभी चंदा देने वालों से मिलकर भी इससे कम पैसा जुटाया।

मस्क ने 2025-26 में अब तक रिपब्लिकन पार्टी को करीब 366 मिलियन डॉलर (करीब 3500 करोड़ रुपए) दिए हैं। यह रकम 2024 के चुनाव में दिए गए उनके करीब 290 मिलियन डॉलर (करीब 2800 करोड़ रुपए) से काफी ज्यादा है। हालांकि, मस्क ने दोनों चुनावों के दौरान कुछ ऐसे चंदे भी दिए हैं, जिनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई। मस्क के नए खर्च से मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को आर्थिक बढ़त मिली है। इसके मुकाबले डेमोक्रेटिक पार्टी का कोई भी अरबपति चंदा देने वाला व्यक्ति मस्क जितना पैसा खर्च नहीं कर रहा है।



मतदाताओं से संपर्क भी कर रही

मस्क के लिए टेक्सास का चुनाव इसलिए भी अहम है, क्योंकि वे राज्य की राजधानी ऑस्टिन में रहते हैं और यहां उनका बड़ा कारोबारी निवेश है। उनकी टीम सिर्फ टीवी विज्ञापनों के जरिए प्रचार नहीं कर रही, बल्कि घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क भी कर रही है। प्रचारक लोगों के दरवाजों पर पर्चे लगा रहे हैं। इन पर्चों में दावा किया जा रहा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता पूरे अमेरिका में चुनाव जीत रहे हैं और टेक्सास में भी ऐसा हो सकता है। कंपनी स्पेसएक्स (रस्पी) का मुख्यालय स्टारबेस, टेक्सास, अमेरिका में है।

मस्क का चुनावी संगठन ट्रांसजेंडर और समाजवाद के मुद्दों पर ज्यादा जोर दे रहा है।

मस्क की अपनी ट्रांसजेंडर बेटी के साथ अनबन रही है। मस्क ने कहा था कि बेटी के साथ हुए मतभेदों का असर उनकी राजनीति में बढ़ती दिलचस्पी पर भी पड़ा। अब उनका संगठन इसी मुद्दे पर डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों को घेर रहा है। एक विज्ञापन में मेकअप लगाए एक व्यक्ति को दिखाया गया है। इसमें कहा गया है- उन्होंने तो वोटिंग करने की ठान ली है। क्या आप वोट डालने जा रहे हैं?

मस्क के चंदे से यह भी साफ हुआ है कि वे अमेरिकी राजनीति में लंबे समय तक सक्रिय रहना चाहते हैं। मई 2025 में उन्होंने कहा था कि भविष्य में वे राजनीतिक खर्च काफी कम कर देंगे। मस्क के पास कई बड़ी कंपनियां हैं, जिनमें से कुछ को अमेरिकी सरकार से बड़े ठेके भी मिले हैं। पिछले साल ट्रम्प के साथ विवाद के बाद से मस्क ने अपने राजनीतिक कामकाज को लेकर काफी कम सार्वजनिक बयान दिए थे। हालांकि, अब दोनों के रिश्ते फिर सुधरते दिख रहे हैं। पिछले दो हफ्तों में दोनों तीन कार्यक्रमों में साथ दिखाई दिए और एक-दूसरे की तारीफ भी की।

मस्क के इतना पैसा खर्च करने से जाहिर है कि वे दक्षिणपंथी राजनीति के साथ अपनी भागीदारी बनाए रखना चाहते हैं। रिपब्लिकन पार्टी को ज्यादातर चंदा मस्क के बनाए राजनीतिक संगठन अमेरिका ढअउ के जरिए मिलता है। यह संगठन रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करता है। प्रवक्ता एंड्रयू रोमियो ने कहा कि अगर नवंबर में डेमोक्रेटिक पार्टी चुनाव जीत जाती है, तो अमेरिका के कम्युनिष्ट, वोक और बिना सीमा वाला देश बनने का खतरा है। उन्होंने कहा कि मस्क के बड़े निवेश से रिपब्लिकन पार्टी को अपना पक्ष लोगों तक पहुंचाने का मौका मिला है, ताकि वह चुनाव में इतिहास के रुझान को बदलने की कोशिश कर सके। मस्क सिर्फ बेहिसाब पैसा खर्च नहीं, बल्कि उनकी टीम के 3000 लोग घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वे उन मतदाताओं को वोट डालने के लिए तैयार कर रहे हैं, जो आमतौर पर चुनाव में कम हिस्सा लेते हैं। मस्क के चुनावी अभियान का सबसे दिलचस्प हिस्सा टेक्सास का सीनेट चुनाव है। यहां रिपब्लिकन उम्मीदवार केन पैक्सटन के समर्थन में करीब 1500 करोड़ रुपए के विज्ञापन अभियान की शुरूआत हुई है।

ट्रम्प बोले- रूस से डीजल खरीदने में अमेरिका का फायदा

ईयू ने भी 250 अरब डॉलर की एनर्जी खरीदी, मीडिया इसे नजर अंदाज कर रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस से डीजल खरीदने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि यह सौदा अमेरिका के हित में है। ट्रम्प ने दावा किया कि यूरोपीय संघ (एव) ने भी रूस से ऊर्जा खरीदने पर 250 अरब डॉलर खर्च किए हैं, लेकिन अमेरिकी मीडिया इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है।

ट्रम्प ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एव ने रूस को ऊर्जा के लिए 250 अरब डॉलर दिए, लेकिन फेक न्यूज मीडिया इस खबर पर बात नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा अमेरिकी लोगों के हित में फैसले लिए हैं और उनकी नीति अमेरिका फर्स्ट है।

ट्रम्प ने कहा था कि रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल अमेरिका भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल भेजने की बात कही गई। ट्रम्प के मुताबिक, रूस की रिफाइनरियों की स्थिति के आधार पर कुछ समय बाद 30 लाख टन डीजल और भेजा जा सकता है।



ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को इस समझौते के लिए धन्यवाद दिया था। उन्होंने इसे बड़ा सौदा बताते हुए कहा कि अमेरिका को बड़ी मात्रा में डीजल मिलेगा। पुतिन ने भी कहा कि रूस अमेरिका और दुनिया के दूसरे बाजारों को तेल और पेट्रोलियम उत्पाद देने के लिए तैयार है। उनके मुताबिक, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

अलास्का में यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए हुई बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हाथ मिलाते अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन। तस्वीर 15 अगस्त 2025 की है।

ट्रम्प के रूस से डीजल खरीदने के फैसले का बचाव करने के बीच यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय परिषद के मुताबिक, नए प्रतिबंधों में 1,569 लोगों और संस्थाओं को शामिल किया गया है। इनमें 826 रूसी कंपनियां और उन कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर काम करने वाले 743 लोग शामिल हैं।

होर्मुज के पास जहाज पर ड्रोन हमला, 2 भारतीय लापता

भारत ने हमले रोकने को कहा; 3 दिन में भारतीय नाविकों वाले तीन जहाजों पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज स्ट्रेट के पास भारतीय क्रू वाले जहाज एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर रविवार को ड्रोन से हमला हुआ। जहाज पर सवार 11 भारतीय नाविकों में से 9 को बचा लिया गया, जबकि 2 अब भी लापता हैं। हमले के पीछे कौन है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पिछले 3 दिनों में इस क्षेत्र में भारतीय क्रू वाले 3 जहाजों पर हमले हुए हैं। इनमें से एक हमला रविवार को ही एमटी वाल्थेरा पर हुआ था जबकि दूसरा हमला 9 अक्टूबर को एमटी जेम नंबर 2 पर हुआ। भारत ने जहाजों पर होने वाले हमले तुरंत रोकने को कहा है।

निकारागुआ के झंडे वाले टैंकर एमटी पेट्रो डॉल्फिन पर ओमान के सोहर बंदरगाह के पास जहाज पर ड्रोन से हमला हुआ। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा है कि भारतीय अधिकारी स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर लापता नाविकों को खोजने की कोशिश कर रहे हैं। ओमान की राजधानी मस्कट में भारतीय दूतावास भी मामले पर नजर रख रहा है और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। रविवार को ही मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले टैंकर एमटी वाल्थेरा पर होर्मुज स्ट्रेट में एक ड्रोन या मिसाइल से हमला हुआ। इससे जहाज में आग लग गई। इस टैंकर पर भी 11 भारतीय नाविक सवार थे। सोनोवाल ने बताया कि सरकार जहाज के प्रबंधन से जुड़ी कंपनी के संपर्क में है और नाविकों की सुरक्षा पर नजर रख रही है।

भारत ने कहा- नाविकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है

भारतीय विदेश मंत्रालय ने व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों की निंदा की है। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और व्यापारिक जहाजों, नाविकों व नागरिक ठिकानों पर हमले रोकने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। संघर्ष का हल बातचीत और कूटनीति से निकाला जाना चाहिए। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों से व्यापार को सुरक्षित और बिना रुकावट जारी रखने पर भी जोर दिया। भारत दुनिया में व्यापारिक जहाजों के लिए नाविक उपलब्ध कराने वाले बड़े देशों में शामिल है। जहाजरानी मंत्रालय के मुताबिक, 2025 में भारत में 3.20 लाख से ज्यादा सक्रिय नाविक थे। अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमलों में भारतीय नाविकों की मौत की घटनाएं भी सामने आई हैं। पिछले हफ्ते विदेश मंत्रालय ने ओमान के तट के पास पनामा के झंडे वाले एक जहाज पर हुए हमले की निंदा की थी।

हूती विद्रोहियों ने रियाद एयरपोर्ट पर मिसाइल दागी

सऊदी अरब पर 10 साल में सबसे बड़ा हमला, भारतीय समेत 13 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद/नई दिल्ली

यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार रात सऊदी अरब में रियाद एयरपोर्ट पर हमला किया। इसमें एक भारतीय समेत 13 लोग मारे गए और 300 से ज्यादा घायल हुए। इसके बाद सऊदी सरकार ने रियाद एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल फ्लाइट्स का संचालन रोक दिया। हालांकि अगले ही दिन रविवार को हूती विद्रोहियों ने घरेलू उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले टर्मिनल पर हमला कर दिया। इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।

10 अक्टूबर को रियाद एयरपोर्ट पर हुआ हमला पिछले एक दशक में सऊदी अरब पर सबसे बड़ा हमला था। इससे पहले मई 2015 में एक सऊदी के कातिफ में एक शिया मस्जिद पर हमला हुआ था जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई थी। इसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। हूती विद्रोहियों के



हमले के बाद रियाद एयरपोर्ट की इंटरनेशनल उड़ानें शनिवार से ही बंद हैं। विद्रोहियों ने एयरपोर्ट और सऊदी के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी है।

एयरपोर्ट पर मौजूद एक यात्री के मुताबिक, रविवार रात करीब 8:30 बजे एक गोला रनवे पर गिरा। यह कई खड़े विमानों के पास गिरा, जिससे वहां आग लग गई। उस समय यात्री विमान रनवे पर पार्किंग की जगह की ओर बढ़ रहा था। हूतियों का कहना है कि वे यमन के गृहयुद्ध में सऊदी अरब की भूमिका के विरोध में हमले कर रहे हैं। हूतियों का कहना है कि सऊदी अरब के एयरपोर्ट को फिर निशाना बनाया जा सकता है। सऊदी अरब पर बढ़ते हमले के बीच कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने रियाद और दूसरे सऊदी एयरपोर्ट के लिए उड़ानें रोक दी हैं। इनमें एयर इंडिया, फ्लाईदुबई, लुफ्थांसा ग्रुप और पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस शामिल हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को रियाद एयरपोर्ट पर हुए मिसाइल हमले की निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि आम नागरिकों और उनके इस्तेमाल वाली जगहों को बार-बार निशाना बनाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी कर भारतीयों को सतर्क रहने, जरूरत पड़ने पर घरों के अंदर रहने और स्थानीय प्रशासन के निदेशों का पालन करने की सलाह भी दी है।

इजराइल में हमास हमले के 3 साल बाद चुनाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कुर्सी पर संकट मंडरा रहा है। 27 अक्टूबर को होने वाले चुनाव से पहले आए 4 प्रमुख सर्वे में से 2 में विपक्षी खेमा आगे है, जबकि एक में दोनों खेमे बराबरी पर हैं और एक में नेतन्याहू का खेमा आगे है।

किसी भी सर्वे में एक भी खेमे को सरकार बनाने के लिए जरूरी सीटें मिलती नहीं दिख रहीं। ऐसे में चुनाव के बाद सत्ता की चाबी छोटे दलों के हाथ में जा सकती है। इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए किसी भी खेमे को कम से कम 61 सीटों का समर्थन चाहिए। चुनाव से पहले आए चार प्रमुख सर्वे में किसी भी खेमे को यह आंकड़ा मिलता नहीं दिख रहा। येरुशलम के महाने येहुदा बाजार में चुनावी पोस्टरों के बीच 76 साल के फल विक्रेता अब्राहम लेवी को भरोसा है कि नेतन्याहू फिर सरकार बनाएंगे। वे कहते हैं, नेतन्याह को अपना काम पूरा करना है।

सऊदी अरब हूतियों को क्यों नहीं हरा पा रहा, अब तेल-गैस की कमाई में हिस्सा मांग रहे विद्रोही

अमेरिकी इंटेलिजेंस और एडवांस हथियार भी हो रहे बेअसर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रियाद

सऊदी अरब के पास दुनिया के सबसे आधुनिक हथियारों में शामिल लड़ाकू विमान और मिसाइलें हैं। अमेरिका भी उसे हथियार और खुफिया जानकारी देकर मदद करता रहा है। इसके बावजूद सऊदी अरब यमन के हूती विद्रोहियों को हरा नहीं पाया। 2015 में शुरू हुई लड़ाई को 10 साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन हूती अब भी यमन के बड़े हिस्से पर काबिज हैं। वे सऊदी अरब के अंदर तक ड्रोन और मिसाइलों से हमले करने की क्षमता रखते हैं।

हालात अब ऐसे हैं कि सऊदी अरब को अपनी सुरक्षा के लिए लगातार पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। वहीं, हूती पीछे हटने के बजाय सऊदी के एयरपोर्ट और तेल रिफाइनरियों पर हमला कर रहे हैं। यमन में हूतियों ने




2014 में राजधानी सना पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद 2015 में सऊदी अरब ने कई देशों के साथ मिलकर उनके खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया।

सऊदी अरब चाहता था कि यमन की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सरकार दोबारा सत्ता में आए और हूतियों का कब्जा खत्म हो। इसके बाद कई साल तक यमन में हवाई हमले होते रहे। लेकिन हूतियों को पूरी तरह पीछे धकेलने में सऊदी गठबंधन कामयाब नहीं हो पाया। हूती अब भी यमन के बड़े हिस्से में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। उनकी लड़ाई का असर अब सऊदी अरब की सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। सऊदी अरब के पास आधुनिक लड़ाकू विमान, मिसाइलें और दुश्मन के हमलों को रोकने वाले एयर डिफेंस सिस्टम हैं।

अमेरिका उसे हथियारों के साथ खुफिया जानकारी और तकनीकी मदद भी देता रहा है। इसके बावजूद हूतियों के खिलाफ निर्णायक जीत नहीं मिल सकी। इसकी एक बड़ी वजह हमले और बचाव पर होने वाला खर्च है। हूती सस्ते ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरी ओर, इन हमलों को रोकने के लिए सऊदी अरब को कई बार महंगी इंटरसेप्टर मिसाइलें दागनी पड़ती हैं।

यानी हूतियों को हमला करने में जितना पैसा खर्च होता है, उससे कहीं ज्यादा रकम सऊदी अरब को अपनी सुरक्षा में लगानी पड़ सकती है। इससे लंबे समय तक लड़ाई जारी रखना महंगा हो जाता है।



■ वर्ष-12 अंक-340 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

पठतो नास्ति मूर्खत्वं अपनो नास्ति पातकम्।
मौनिनः कलहो नास्ति न भयं चास्ति जाग्रतः।।

भावार्थ : पाठक मूर्ख नहीं है; जप करने वाले को बुरा नहीं लगता; जो चुप रहता है वह झगड़ा नहीं करता; और जो जाग रहा है उसे कोई भय नहीं है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 13 अक्टूबर, 2026

अथार्तुराणां न सुखं न निद्रा कामातुराणां न भयं न लज्जा।
विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा क्षुधातुराणां न रुचि न बेला।।

भावार्थ : यानानूर को सुख और नींद नहीं आती; कामतुर को कोई डर और शर्म नहीं है। विद्यातुर के पास रुचि और समय की कोई भावना नहीं है और भूख से पीड़ित व्यक्ति को रुचि या समय की कोई भावना नहीं है।

सम्पादकीयम्

लघुउल्लङ्घनानि उपेक्षन्ते

यदि कश्चन शिक्षकः व्यक्तिगतकानूनीप्रतिकूलतायाः भयं करोति तर्हि भविष्ये नियमानाम् प्रवर्तने संकोचः भवेत्। ते लघुउल्लङ्घनानि उपेक्षन्ते अथवा मूल्याङ्कनकाले अतिशयेन नम्रतां प्रयोक्तुं शक्नुवन्ति। कालान्तरे एतेन उपाधिस्य गुणवत्तायां प्रभावः अनिवार्यतया भवति। अन्ते छात्राः—ये उन्नतिं कर्तुं स्वस्य योग्यतायाः उपरि अवलम्बन्ते-ते एव हानिम् अनुभवन्ति। उत्तराणि आवश्यकानि। परन्तु स्वायत्तता संस्थां संवीक्षणात् उपरि न स्थापयति। एकस्मिन् वर्षे एव आईआईटी बम्बई-विद्यालये चतुर्णां छात्राणां मृत्युः स्वयमेव संस्थागतविफलता भवति। एकः छात्रः स्वस्य मण्डलस्य शीर्षस्थाने भवितुम् अर्हति, परन्तु आईआईटी-प्रवेशं कृत्वा ३०० जनानां समूहे २८७ तमे स्थाने स्वं ज्ञात्वा तेषां कृते अपारं मानसिकं शैक्षणिकं च दबावं भवितुम् अर्हति तथापि अस्माकं प्रणाली एतादृशानां छात्राणां एतेषु कठिनसमयेषु मार्गदर्शनार्थं पर्याप्तं समर्थनं दातुं असफलं भवति। अधिकांशेषु प्रतिष्ठितपरिसरेषु छात्रजनसंख्यायाः सापेक्षतया परामर्शसुविधाः दुःखदरूपेण अपर्याप्ताः सन्ति। आलोचना अत्यावश्यकी अस्ति। यदि अद्यत्वे प्रत्येकस्मिन् विवादे पुलिस-वीथि-विरोधाः अधिकाधिकं प्रवृत्ताः भवन्ति तर्हि संस्थानां दुर्बल-आन्तरिक-तन्त्राणि अंशतः दोषी भवन्ति यदा आक्रोशानां निराकरणं समये पारदर्शकरूपेण च न भवति तदा जनाः अन्यमार्गान् अन्विषन्ति। अतः संस्थानां रक्षणस्य मार्गः आलोचनां न परिहरितुं, अपितु आन्तरिकव्यवस्थानां सुदृढीकरणम् एव।

मुख्यसचिवः त्रयः सरकारीविद्यालयाः

आश्चर्यजनकं भ्रमणं करोति; शैक्षणिकविषये योजनासु च छात्राणां प्रतिक्रियां याचते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



'जन-विश्वस अभियान' (लोक न्यास अभियान) के अन्तर्गत विद्यालय शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव डॉ. संजय गोयल ने शनिवार को शाहपुरा विकास खण्ड के त्रीए सरकारी विद्यालयों का आश्चर्यजनक निरीक्षण किया। सः शासकीय-उच्चविद्यालय-पवला, शासकीय-उच्चविद्यालय-सुन्दरादेही, पीएम-एसएचआरआई-सरकारी-उच्च-माध्यमिक-विद्यालय-बरमन-इत्येतयोः भ्रमणं कृत्वा शासकीय-योजनानां शैक्षणिक-व्यवस्थापनस्य, कार्यान्वयन-स्थितेः च आकलनं कृतवान् निरीक्षणकाले सः छात्रैः सह प्रत्यक्षतया संवादं कृत्वा तेषां अध्ययनस्य, पाठ्यक्रमस्य, भविष्यस्य लक्ष्यस्य च विषये सूचनां संग्रहितवान्।

अध्ययनस्य भविष्यस्य लक्ष्यस्य च विषये जिज्ञासा मुख्यसचिवः छात्रैः सह तेषां नियमित अध्ययनं, कक्षायाः शिक्षणं, पाठ्यक्रमस्य प्रगतिः च विषये संलग्नः अभवत्। तेषां भविष्यस्य लक्ष्यस्य विषये अपि जिज्ञासां कृत्वा 'विक्षितभारतस्य' (विकसितभारतस्य) दृष्टिविषये चर्चां कृतवान्। छात्रैः सह प्रत्यक्षपरस्परक्रियाद्वारा विद्यालयेषु शैक्षणिकवातावरणं, विविधयोजनाभ्यः तेषां लाभः च अवगन्तुं प्रयत्नः कृतः अधिकारिणः प्रधानसचिवं विद्यालयसञ्चालनस्य विभागीययोजनानां प्रगतेः विषये अपि अवगतवन्तः। शतप्रतिशतम् उपस्थितौ बलम् निरीक्षणकाले प्रधानसचिवः शैक्षणिकगुणवत्तासुधारार्थं संस्थाप्रमुखेभ्यः आवश्यकनिदेर्शान् निर्गतवान्। सः तान् आग्रहं कृतवान् यत् ते नियमितरूपेण छात्राणां उपस्थितौ विशेषं ध्यानं दद्युः, शतप्रतिशतम् उपस्थित्यर्थं च प्रयतन्ते। सः नियमितरूपेण उपस्थितिः शिक्षणपरिणामेन शैक्षणिकप्रदर्शनेन च प्रत्यक्षतया सम्बद्धा इति बोधयति स्म। अतः अनुपस्थितछात्राणां विषये सूचनाः सङ्गृहीतव्याः, तेषां उपस्थितिसुधारार्थं आवश्यकाः प्रयत्नाः करणीयाः।

पाठ्यक्रमस्य समये समापनम् प्रधानसचिवः शिक्षकान् निर्धारितशैक्षणिकयोजनानुसारं कक्षायाः शिक्षां कर्तुं निदेर्शं दत्तवान्। कस्यचित् विषयस्य शिक्षणं निबार्धं भवतु इति सुनिश्चित्य निर्धारितसमयसूचनानुसारं सवेर्षां विषयाणां कक्षां कर्तुं बलं दत्तम्। अध्यापकानाम् निर्देशः दत्तः यत् ते दैनिकशैक्षणिकक्रियाकलापानाम् विवरणं स्वडायरीषु अभिलेखयितुम् अभ्यासस्य पालनम् कुर्वन्तु। तदतिरिक्तं बोर्डस्य वार्षिकपरीक्षाणां च मनसि कृत्वा निर्धारितसमयान्तरे सम्पूर्णं पाठ्यक्रमं पूर्णं कर्तुं निदेर्शाः जारीकृताः। परीक्षापरिणामेषु सुधारं कृत्वा मौलिकज्ञानं च ध्यानं दत्तव्यम् निरीक्षणस्य एकः प्रमुखः उद्देश्यः छात्राणां शैक्षणिकस्थानं सुदृढं कर्तुं परीक्षायाः सज्जतां च आसीत्। पाठ्यक्रमस्य समये समाप्तेः पार्श्वे छात्राणां आधारभूतज्ञानस्य विषये विशेषं ध्यानं दातुं अधिकारिभ्यः निर्देशः दत्तः। प्रधानसचिवः अनुशासनस्य, नियमितशिक्षणस्य, विद्यालयेषु छात्राणां सहभागितायाः च उन्नयनस्य आवश्यकतायाः उपरि बलं दत्तवान्। सः अपेक्षां कृतवान् यत् संस्थाप्रमुखाः शैक्षणिककार्ययोजनानुसारं निरन्तरं निरीक्षणं कुर्वन्तु। शिक्षा विभाग के अधिकारीओं की उपस्थिति निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी-जिल शिक्षा अधिकारी गौतम बरवे, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एवं खण्ड संसाधन समन्वयक-सहित-उपस्थित थे।

सिङ्गरौलीनगरे प्रमुखा दुर्घटना

कारः १०० पादपर्यन्तं नदीयां डुबति यत्र ५ जनाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिङ्गरौली

मध्यप्रदेशस्य सिङ्गरौलीनगरे शुक्रवासरे रात्रौ विलम्बेन एकः प्रमुखः त्रासदी संकीर्णतया निवारिता। बैधनतः शासानं प्रति गच्छन् एकः वेगवान् यानः अन्धवक्रस्य समीपे नियन्त्रणं त्यक्त्वा १०० पादपर्यन्तं अधः नदीयां निमग्नः अभवत्।

स्थानीयजनानाम् सूचनानुसारं कार्यं कुर्वन् पुलिसगस्त्यदलेन तत्क्षणमेव सुदृढीकरणं आहूय रज्जुप्रयोगेन पञ्च निवासिनः उद्धारिताः, तदनन्तरं तान् जिलाचिकित्सालये नीतवन्तः। ते सर्वे सुरक्षिताः इति कथ्यते। यदि कालान्तरे निवासिनः नदीतः बहिः न आकृष्यन्ते स्म तर्हि प्राणहानिः भवितुम् अर्हति स्म।

स्पीडिंग् कार मर्य नदीयां डुबकी मारति सिङ्गरौलीमण्डलस्य कोतवालीपुलिसस्थानकस्य अधिकारक्षेत्रे शासानक्षेत्रे मायारनदीसेतुसमीपे एषा घटना अभवत्। प्रातः १:०० वादने (शुक्रवासरस्य अन्ते/शनिवासरस्य आरम्भे) बैधनतः शासानं प्रति पञ्च जनाः कारयानेन गच्छन्ति स्म। अन्धवक्रतां प्राप्य नियन्त्रणं त्यक्त्वा १०० पादपर्यन्तं मायरनद्याः पतितम्। अर्धरात्रे उद्धारः ५ प्राणान् रक्षति सौभाग्येन यदा दुर्घटना अभवत् तदा पुलिसगस्त्यदलः गच्छति स्म, तत्क्षणमेव बलं सचेतयति स्म। सुदृढीकरणं आहूतं, पाशादिसाधनेन नदीतः सुरक्षिततया उद्धारिताः।

नोएडा : युवा ४३ तलतः पतति, शरीरं द्वयोः विच्छिन्नम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नोएडा

सेक्टर्-९४ इत्यस्मिन् सुपरनोवा सोसाइटी इत्यत्र ऊर्ध्वतः पतित्वा एकः युवकः मृतः। एस्पार्य टॉवर इत्यत्र एषा घटना अभवत् इति कथ्यते। दुर्घटनायाः अनन्तरं किञ्चित्कालं यावत् समाजे अराजकता अभवत्। सूचनां प्राप्य पुलिसैः घटनास्थले आगत्य अन्वेषणं आरब्धम्। ४३ तमे तलतः पतनस्य सूचना प्रारम्भिकसूचनानुसारं एस्पार्य टॉवरस्य ४३ तमे तलतः युवकः पतितः। सुरक्षाकर्मचारिणः पतनस्य अनन्तरं घटनायाः विषये पुलिसं सूचितवन्तः। पुलिसैः स्थले आगत्य क्षेत्रस्य निरीक्षणं कृत्वा शवस्य स्वामित्वं कृत्वा शवपरीक्षायै प्रेषितम्।

राशिफल

मेष : किसी मित्र के सहयोग से धन प्राप्ति हो सकती है। भवन या जमीन जायदाद के सुख में वृद्धि होगी।

वृषभ : अपनों का साथ मिलेगा। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात के संकेत हैं। आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहेगा।

मिथुन : आपके आस-पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं जिसके कारण आपका जीवनसाथी एक बार फिर आपके प्यार में पड़ जाएगा।

कर्क : आज पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को शुभ समाचार मिल सकता है।

सिंह : काम से समय निकालकर दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बना सकते हैं। प्यार में सफल होने की कल्पना करने में मदद करें।

कन्या : आज फिट रहने के लिए दिन की शुरूआत एक्सरसाइज से करें। प्रेमी-प्रेमिका के बीच अनबन हो सकती है।

तुला : अगर आप आज का काम कल के लिए टाल रहे हैं तो आपको प्रतिकूल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

वृश्चिक : सेहत पर आज नजर रखने की जरूरत है। यह आपके रिश्ते को सुधारने की बजाय बिगाड़ भी सकता है।

धनु : जिन लोगों ने किसी से पैसा उधार लिया है उन्हें किसी भी परिस्थिति में उधार चुकाना पड़ सकता है।

मकर : आपके व्यक्तिगत मोर्चे पर एक महत्वपूर्ण विकास होगा- जो आपके और आपके पूरे परिवार के लिए खुशी लाएगा।

कुंभ : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों व रिश्तेदारों का साथ मिलने से किसी काम में सफलता मिल सकती है।

मीन : लव लाइफ के लिहाज से दिन अच्छा रहने वाला है। खाली समय होने से नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

17 साल में महिला प्रो-टेनिस चैंपियन, सबसे युवा भारतीय बनीं

माया ने तोड़ा सानिया मिर्जा का 22 साल पुराना रिकॉर्ड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



17 साल की भारतीय टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती ने सानिया मिर्जा का 22 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने रविवार को पुर्तगाल के लागोस में क्ळ्ऋह35 टूनार्मेंट जीत लिया है। वे यह टाइटल जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनी हैं।

17 साल 3 महीने की माया ने विमेंस सिंगल्स के फाइनल में स्पेन की सीलिया सरविनो को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। सानिया मिर्जा ने 2004 में 17 साल 10 महीने की उम्र में खिताब जीता था।

पहले राउंड में 0-5 से पिछड़ने के बाद टॉप सीड को हराया- दुनिया की 1038वें नंबर की खिलाड़ी माया ने मुख्य ड्रॉ के पहले राउंड में टॉप सीड और वर्ल्ड नंबर-246 जुस्तिना मिकुलस्काइट को 7-6(1), 6-1 से हराया। पहले सेट में वह 0-5 से पिछड़ गई थीं, लेकिन इसके बाद वापसी करते हुए सेट टाईब्रेकर में जीत लिया। दूसरे राउंड में माया ने अर्जेंटीना की बर्टा बोनार्डी को 6-2, 6-0 से हराया।

दबाव कम करने के लिए मन में गाना गुनगुनाया- फाइनल में पहला सेट जीतने के बाद माया ने मन ही मन गाना गुनगुनाना शुरू कर दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा, ह्यमुझे लगा कि मैं बहुत ज्यादा दबाव ले रही हूं। तनाव कम करने के लिए मैंने मन में गाना गुनगुनाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, ह्यपहला खिताब हमेशा खास होता है। इस हफ्ते की कई अच्छी यादें मेरे साथ रहेंगी। इस जीत से मुझे कॉन्फिडेंस मिला है कि मैं बड़े स्तर पर मुकाबला कर सकती हूं।

विमेंस डबल्स में भी चैंपियन बनीं

माया ने यूक्रेन की येलिजवेता कोट्लियार के साथ डबल्स खिताब भी अपने नाम किया। उन्होंने अपनी जोड़ी दार के साथ फाइनल में मिन लियू और कालोर्टा मोचिया को 0-6, 6-2, 10-7 से हराया। पहला सेट 0-6 से गंवाने के बाद माया और कोट्लियार ने दूसरे सेट में वापसी की। इसके बाद निर्णायक सुपर टाईब्रेकर 10-7 से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

सानिया और माया ने लागोस में ही जीते खिताब

माया और सानिया ने 17 साल की उम्र में लागोस में खिताब ही जीते। हालांकि, सानिया ने 10 अक्टूबर 2004 को नाइजीरिया के लागोस में खिताब जीता था, जबकि माया ने 11 अक्टूबर 2026 को पुर्तगाल के लागोस में टाइटल जीता है।

इंडिया अ टीम से चोटिल ऋषभ पंत बाहर

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 2 मैच नहीं खेलेंगे, कुमार कुशाग्र को मिला मौका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



ऋषभ पंत चोट के कारण न्यूजीलैंड अ के खिलाफ भारत अ की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज के दो मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को टीम में शामिल किया गया है। पंत की तीसरे मुकाबले में उपलब्धता पर बाद में फैसला लिया जाएगा।

पंत को ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी करते समय बाईं तरफ खिंचाव आ गया था। न्यूजीलैंड दौरे के लिए उनके चयन पर पहले ही फिटनेस क्लीयरेंस की शर्त लागू थी। अब शुरूआती दो मैचों से बाहर होने के बाद टीम में विकेटकीपिंग की मुख्य जिम्मेदारी कप्तान ध्रुव जुरेल संभालेंगे।

लाल गेंद से शानदार फॉर्म में कुशाग्र- 21 साल के कुमार कुशाग्र हाल के दिनों में रेड-बॉल क्रिकेट में अच्छी फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले तीन फर्स्ट क्लास मैचों में दो शतक लगाए हैं। इनमें दलीप ट्रॉफी के फाइनल में बनाया गया शतक और पुडुचेरी में मेहमान ऑस्ट्रेलिया अ टीम के खिलाफ लगाया गया शतक शामिल है।

न्यूजीलैंड में तीन मैच खेलेगी भारत अ टीम- न्यूजीलैंड अ के खिलाफ पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को लिंकन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 31 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में होगा।

भारत अ की अपडेटेड टीम

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन स्मरण, ध्रुव जुरेल (कप्तान और विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, औकिब नबी, आकाश दीप, अंशुल कंबोज, मानव सुथार, मुकेश चौधरी, साई सुदर्शन, यश राठौड़, मुकेश कुमार और कुमार कुशाग्र।

भारत 22 अक्टूबर को पहला मैच खेलेगी

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी। अभी वनडे और टेस्ट टीम की घोषणा नहीं हुई है।

भारत की टी-20 टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव।

13 दिसंबर को अरुण जेटली स्टेडियम में मैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने भारत और श्रीलंका के बीच 13 दिसंबर को दिल्ली में होने वाले पहले वनडे का वेन्यू बदलने की खबरों को खारिज कर दिया है। बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने साफ किया कि मैच को दिल्ली से अहमदाबाद शिफ्ट करने का कोई फैसला नहीं हुआ है। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर वेन्यू की तैयारी पर सवाल उठे थे। इसी के बाद मैच अहमदाबाद में कराए जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। सैकिया ने कहा कि अरुण जेटली स्टेडियम में ही मुकाबला खेला जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीसीसीआई द्विपक्षीय सीरीज के मैचों के वेन्यू तय करने के लिए अपनी मानक नीति का पालन करता है। अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर आशंका जताई जा रही थी कि स्टेडियम 13 दिसंबर को होने वाले इंटरनेशनल मैच की मेजबानी के लिए समय पर तैयार होगा या नहीं। इसी आधार पर रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि पहला वनडे अहमदाबाद में कराया जा सकता है। भारत और श्रीलंका के बीच यह व्हाइट-बॉल सीरीज 13 से 27 दिसंबर तक खेली जानी है। इसमें 3 वनडे और 3 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले शामिल हैं। वनडे सीरीज का पहला मैच दिल्ली, दूसरा बेंगलुरु और तीसरा अहमदाबाद में खेला जाना तय है।

ज्योतिष/वास्तु

कई मामलों में होगा अचानक धन लाभ

आने वाले 20 दिनों तक इन राशि वालों का रहेगा अच्छा समय



गुरु कर्क राशि में अपनी उच्च स्थिति में माने जाते हैं। इसका खास असर राशियों पर भी देखने को मिलता है। हालांकि, उनका कर्क गोचर 31 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। ऐसे में यह अवधि किन राशियों के लिए लकी रहेगी, आइए जानते हैं।

ज्योतिष में सभी ग्रहों का राशि परिवर्तन खास माना जाता है। इसका प्रभाव मेष से लेकर मीन राशि तक के जातकों के जीवन पर देखने को मिल सकता है। हालांकि, हर ग्रह का गोचर अलग-अलग राशियों के लिए शुभ या अशुभ परिणाम लेकर आता है। मान्यता है कि जब कोई ग्रह अपनी उच्च राशि में प्रवेश करता है, तो उसका शुभ प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है और जातकों को इसका लाभ मिल सकता है। वर्तमान में देवगुरु बृहस्पति अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान हैं। गुरु 31 अक्टूबर 2026 तक इसी राशि में रहेंगे। ऐसे में आने वाले करीब 20 दिन तीन राशि वालों के लिए खास और लाभकारी साबित हो सकते हैं। इस दौरान इन्हें कारोबार और आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं इन भाग्यशाली राशियों के बारे में।

कर्क राशि- कर्क राशि वालों के लिए यह समय शुभ रह सकता है। संतान की तरफ कोई अच्छी खबरें सुनने को मिल सकती है। इस दौरान मनचाही नौकरी मिलने की संभावनाएं बन सकती हैं। साथ ही, आर्थिक मामलों में भी लाभ मिलने के योग हैं। लेन-देन में आपको सफलत प्राप्त होगी। आपकी मेहनत रंग ला सकती है और कई मामलों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। शिक्षा से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम प्राप्त होते दिख रहे हैं।

धनु राशि- धनु राशि वालों को गुरु करियर में सफलता दिला सकते हैं। नौकरीपेशा जातकों को नई तरह की जिम्मेदारी और अवसर मिल सकता है। इस दौरान लंबे समय से बिगड़े काम बनने की संभावना है। व्यापार से जुड़े जातकों को लाभ प्राप्ति के अच्छे अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के नए रास्ते भी खुल सकते हैं। लेन-देन के मामलों में आपको कुछ पुराने मसले हल होंगे। जीवन में सकारात्मकता बढ़ेगी। कोई बड़ी खबर इस समय सुनने को मिलेगी।

कुंभ राशि- कुंभ राशि वालों के लिए भी यह समय विशेष लाभकारी रह सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर होने की संभावना है। धन से जुड़े मामलों में राहत मिल सकती है और आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं। परिवार में खुशियां आएंगी और कोई अपना जीवन में दस्तक देगा। नौकरी करने वालों को कोई बड़ी डील भी मिलेगी। इस समय भाग्य आपका पूरा साथ देगा। बिजनेस आपका सफल रहेगा।

खबर एक नजर...

गिरफ्त में चाकू दिखाकर हफ्ता मांगने वाला बदमाश

उज्जैन। ग्रेटर रतन एवेन्यू में रहने वाले पवन विश्वकर्मा के घर रात को आये बदमाश अवधेश प्रतापसिंह ने चाकू दिखाकर उत्पात मचाया और हफ्ता देने की बात कहीं। पवन की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया और बदमाश की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अवधेश प्रेम एवेन्यू का रहने वाला है। उससे घटना की तस्दीक कराई गई और चाकू बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि पवन विश्वकर्मा पूर्व में सांसद प्रतिनिधि रह चुके है। वहीं आरोपी एमपीईबी कर्मचारी होना सामने आ रहा है। जिसे पुलिस ने न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

क्षिप्रा में डूबे युवक के परिजन राजगढ़ से पहुंचे उज्जैन

उज्जैन। रविवार को क्षिप्रा नदी के नृसिंह घाट से एक युवक की लाश मिली थी। महाकाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शिनाख्त के प्रयास शुरू किये थे। युवक राजगढ़ का रहने वाला अजय पिता मोहनलाल शर्मा 30 साल सामने आया था। उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई थी। सोमवार को उज्जैन पहुंचे परिजनों ने बताया कि दोस्त के साथ शनिचरी अमावस्या का नहान करने आया था। दोस्त दर्शन करने महाकाल मंदिर चला गया था, अजय घाट पर रूक था। संभवतः नहाने के दौरान उसकी डूबने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक अंडरवियर और बनियान में मिला था। उसके कपड़े घाट से गायब थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक के जीजा ने बताया कि अजय अविवाहित था और राजगढ़ में बर्तन की दुकान चलाता था।

पांच अज्ञात आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

उज्जैन। बिरलाग्राम विधानगर में रहने वाला अनिल पिता कमलेश निषाद 32 साल अपने दोस्त यशवंत पिता मुन्नालाल 31 साल के साथ वार्को सिटी बास्केटबाल ग्राउंड के पास से पैदल विधानगर की ओर आ रहा था। रास्ते में 4 से 5 युवकों ने उन्हे रोका और बेवजह गाली-गलौच करते हुये मारपीट की। युवकों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। घटनाक्रम के बाद अनिल और यशंवत बिरलाग्राम थाने पहुंचे और अज्ञात आरोपी युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना था कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, युवकों ने क्यों मारपीट कर धमकी दी है, इसका पता नहीं है। पुलिस अज्ञात आरोपियों की पहचान के प्रयास कर रही है।

मकान की पुताई नहीं करने पर युवक से मारपीट

उज्जैन। गवर्मेन्ट कालोनी बिरलाग्राम में रहने वाला गजेन्द्र पिता सुरेश शर्मा रंगाई पुताई का काम करता है। उसे कालोनी में रहने वाले अशोक गिरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर नहीं पोतने की बात पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में घायल गजेन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने अशोक गिरी और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट का एक मामला बड़नगर के नागेश्वरधाम कालोनी में किराना दुकान संचालित करने वाले रंजीत पिता रमेशचंद्र परमार के साथ सामने आया। एएसआई सरदारसिंह ने बताया कि घायल का कहना था कि उसकी दुकान पर एक युवक पाऊच लेने आया था। उसने पाऊच खराब देने की बात पर मारपीट की और दुकान में नुकसान किया। मामले में प्रकरण दर्ज कर युवक की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

ट्रेक्टर से गिरा वृद्ध, चालक के खिलाफ केस दर्ज

उज्जैन। गौतमपुरा इंदौर में रहने वाले बाबूलाल पिता मांगीलाल राठौर 55 साल का इंगोरिया स्थित नागावाड़ी में खेत है। बाबूलाल खेत की जुताई के लिये ट्रेक्टर चालक के साथ आये थे। इस दौरान खेत में चालक ने ट्रेक्टर को तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाया। ट्रेक्टर पर बैठे बाबूलाल गिर गये और पहिये की चपेट में आने से घायल हो गये। परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। 13 दिन बाद परिजनों ने घटना की शिकायत इंगोरिया थाना पुलिस से की। पुलिस ने घायल बाबूलाल के पुत्र अशोक राठौर की शिकायत पर ट्रेक्टर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

शराब नहीं पिलाने पर चाकू मारकर भाग बदमाश

उज्जैन। उन्हेल के ग्राम चांदबड़ चौक में रहने वाला अनिल उर्फ लाल पिता अशोक जटिया नाला बस स्टेंड देशी शराब दुकान पर रात 11 बजे पहुंचा था। उसी दौरान एक बदमाश ने उसे साथ में शराब पिलाने की बात कहीं। अनिल ने मना किया तो बदमाश ने गाली-गलौच करते हुये पेट में चाकू घोंप दिया और भाग निकला। उन्हेल पुलिस ने चाकू मारने वाले बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

दिन	159-5	690-5
मेन बाजार	159-5	477-8
मिलन डे	117-9	300-3
मिलन नाइट	159-5	250-7

4 5 8

प्रशासन के निर्देशानुसार पहले दिन एक भी बस नहीं आई, बिना विरोध माना प्रशासन का फैसला

उज्जैन में देवासगेट बस स्टैंड इतिहास हुआ, बसें अब नानाखेड़ा से दौड़ेंगी

पहले दिन बाहर से आए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पडा, सूचना का अभाव बताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देवासगेट बस स्टैंड बंद करने के प्रशासन के फैसले को बस ऑपरेटरों ने मौन स्वीकृति दे दी। सोमवार को प्रतिबंध के पहले दिन स्टैंड पर एक भी बस नहीं पहुंची। आरटीओ के दल ने पूरे दिन गश्त कर निगरानी की, लेकिन किसी ने नियम नहीं तोड़ा। किसी भी बस एवं संचालक पर कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ी है।

आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया, सभी संचालकों का सहयोग मिला है। देवासगेट, नानाखेड़ा, कानीपुरा रोड और मंडी चौराहा पर टीम तैनात रही। पहले दिन सूचना अभाव में देवासगेट पहुंचे बाहर के यात्रियों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ा है। उन्हें अपना सामान ढोते हुए लोक सेवा के नगरीय परिवहन के सहारे नानाखेड़ा तक पहुंचना पड़ा है। भोपाल से आए यात्री सुरेश कुंभकार के अनुसार हम काफी देर तक सूचना अभाव में देवासगेट स्टैंड पर खड़े रहे बाद में जानकारी लेने पर सामने आया कि बस स्टैंड बंद कर दिया गया है। अब नानाखेड़ा जा रहे हैं वहां से बस पकडेंगे।

अब नानाखेड़ा से चलेंगी बसें- नानाखेड़ा बस स्टैंड की 1.689 हेक्टेयर जमीन पर नया सेटअप बनाया गया है। नगर निगम पार्किंग, पेयजल, टॉयलेट और सफाई की व्यवस्था करेगा। मैनेजमेंट भी निगम के पास रहेगा। लोक सेवा बसें भी अब यहीं से चलेंगी।

आगे ये है प्लान- आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया कि सुबह से ही सोमवार को परिवहन विभाग ने देवासगेट बस स्टैंड पर निगरानी की। देवासगेट, नानाखेड़ा, कानीपुरा रोड, मंडी चौराहा पर दल के साथ एक-एक घंटा नजर रखी गई। कोई भी बस देवासगेट की और नहीं आई। सभी का सहयोग मिला है। विरोध जैसा कुछ नहीं हुआ है। सभी ने प्रशासन के निर्णय को समर्थन दिया है। सिंहस्थ के कामों के लिए यह आवश्यक भी था। उनके अनुसार आगे की योजना में
- मक्सी-तराना रूट की बसें आगर रोड, मकोडिया आम के पास खाली जमीन से
- इंदौर रूट की बसें नानाखेड़ा से
- बड़नगर रूट की बसें मुल्लापुरा से
- सभी बसें बायपास से निकालने की योजना
- स्लीपर कोच बसें फिलहाल नानाखेड़ा के पीछे से, बाद में इंजीनियरिंग कॉलेज के सामने ग्राउंड से चलेंगी।

प्रशासन ने 9 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी कर 12 अक्टूबर से देवासगेट पर बसों की एंट्री पर रोक लगाई थी। सिंहस्थ-2028 की तैयारी, सड़क चौड़ीकरण और एलिवेटेड ब्रिज निर्माण के चलते शहर में ट्रैफिक सिस्टम सुधारने के लिए यह फैसला लिया गया। संभागायुक्त और आरटीए ने बस ऑपरेटरों व विभागों से चर्चा के बाद आदेश जारी किया था।

नियम तोड़ा तो परमिट-आरसी तक कैंसिल- आदेश में स्पष्ट किया गया था कि देवासगेट पर बस लाने वाले ऑपरेटरों पर कोर्ट कार्रवाई, परमिट निरस्तीकरण, आरसी कैंसिल और चालान की कार्रवाई होगी।

प्रतिदिन 30 बंदियों को मिलेगा आराधना का मौका

केंद्रीय जेल में माता की भक्ति में कैदियों का गरबा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में नवरात्री का पर्व मानाया जा रहा है। माता की आराधना में कैदी गरबा कर रहे है। 9 दिनों तक अलग-अलग कैदियों को आराधना का मौका दिया जायेगा। जिनके लिये विशेष ड्रेस की व्यवस्था की गई है।

पूरे देश में शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्री आस्था और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। पांडालों में माता की आराधना में गरबा नृत्य धूमधाम के साथ चल रहा है। ऐसे में केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में माता की आराधना में संगीन जुर्मो की सजा काट रहे सैकड़ों बदी माता की भक्ति में डूबे दिखाई दे रहे है। जेल प्रांगण में माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। जहां प्रतिदिन शाम 7 से 8 बजे तक माता की आराधना हो रही है और कैदियों द्वारा गरबा किया जा रहा है। इस दौरान ढोल भी कैदी बजा रहे और बैंड भी। भजनों की प्रस्तुति भी कैदियों द्वारा दी जा रही है। इस दौरान 500 से अधिक कैदियों द्वारा उपवास रखा जा रहा है। पूरा



जेल प्रशासन ने उपलब्ध कराई खास ड्रेस

जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि माता की आराधना में किये जा रहे गरबों के दौरान कुछ कैदियों के लिये विशेष ड्रेस की व्यवस्था की गई है। गरबों के दौरान पुरूष कैदी लहंगा-चुनरी पहनकर गरबों में शामिल हो रहे है। जेल परिसर में नवरात्री पर्व के चलते साज-सज्जा की गई है। प्रतिदिन होने वाले गरबों में 30 बंदियों को मौका दिया जा रहा है। प्रतिदिन बंदियों को गरबों के लिये बदला भी जायेगा, ताकि सभी को मौक मिल सके।

माहौल भक्तिमय बना हुआ है। केन्द्रीय जेल में विशेष पर्वो के साथ राष्ट्रीय पर्व की परंपरा बनी हुई है। लेकिन माता की आराधना में किये जाने वाले गरबों की शुरूआत पिछले वर्ष से की गई है।

सुधार के लिये पारिवारिक माहौल के प्रयास- केन्द्रीय जेल में 2 हजार से अधिक बंदी हत्या, दुष्कर्म, हत्या का प्रयास, अवैध मादक पदार्थ मामलों में सजा काट रहे है। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को सुधार का मौका और अपराध से दूर रखने के प्रयास किये जा रहे है। जिसमें जेल की चार दीवारी से बाहर का माहौल भी परिसर में बनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। कुछ दिन पहले श्राद्ध पक्ष मं बंदियों के लिये अपने पूर्वजों के तर्पण-पिंडदान की व्यवस्था भी की गई थी। उससे पहले रक्षाबंधन का पर्व भी धूमधाम के साथ मनाया गया था। 2 राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त भी कैदियों द्वारा देशभक्ति की प्रस्तुति के साथ मनाया जाता है। यहीं नहीं खुली जेल की शुरूआत भी केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल में हो चकी है।

गुजरात से 84 साल के वृद्ध को उज्जैन लाई जीआरपी

मादक पदार्थ मामले में जारी हुआ था गिरफ्तारी वारंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कोर्ट पेशी पर नहीं आने के चलते गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर जीआरपी की टीम गुजरात से 84 साल के वृद्ध को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि सालभर पहले मादक पदार्थ का मामला एनडीपीएस की धारा में दर्ज किया गया था। आरोपी रहे जयराम पिता बाबूभाई 84 वर्ष निवासी अमरौली जिला सूरत (गुजरात) को जमानत मिल गई थी। लेकिन विशेष न्यायालय में पेशी के दौरान वह लगातार उपस्थित नहीं हो रहा था और फरार हो गया था। कुछ दिनों पहले न्यायालय से उसका गिरफ्तारी वारंट जारी हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम सूरत रवाना की गई थी। रविवार को वारंटी जयराम को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। पूर्व में भी वृद्धावस्था के चलते उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। थाना प्रभारी के अनुसार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गुजरात से वृद्ध को उज्जैन लाने के दौरान एसआई बीएस कुशवाह और आरक्षक अरुण सारस्वत का सहयोग रहा।



गिरफ्त से दूर आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगाने वाला कर्मचारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मेडिकल पर काम करने वाले कर्मचारी द्वारा लाखों की आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगा दी थी। मेडिकल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन आरोपी कर्मचारी सोमवार तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था।

माधवनगर थाना पुलिस द्वारा 3 अक्टूबर को सतीगेट पर रहने वाले रोमेश शर्मा की शिकायत पर उनके मेडिकल धनवंतरी आयुर्वेदिक पर काम करने वाले कर्मचारी राकेश सोलपंखी के खिलाफ लाखों की आयुर्वेदिक दवा ठिकाने लगाकर अमानत में खयानत करने का प्रकरण दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर राकेश निवासी वृदांवनधाम की तलाश शुरू की थी लेकिन सोमवार तक वह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका। बताया जा रहा है कि रोमेश शर्मा फ्रीगंज और सतीगेट पर मेडिकल संचालित करते है। राकेश उनके यहां 6 सालों से काम कर रहा था। लेकिन कुछ माह पहले जब हिसाब का मिलान किया गया तो 50 लाख से अधिक की दवाओं की हेराफेरी सामने आई। मेडिकल और गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर राकेश दवाईयों का स्टॉक निकालते दिखाई दिया था। उससे पूछताछ की गई तो पहले उसने दवाईयों के पैसे लौटाने की बात कहीं और फिर काम छोड़कर भाग गया था। पुलिस द्वारा उसके ठिकानों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

कर्ज में डूबे ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या


ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लाखों के कर्ज में डूबे ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिवार हालत बिगड़ने पर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के बयान दर्ज आगे की कार्रवाई की जायेगी।

माधवनगर थाना पुलिस को निजी अस्पताल से सूचना मिली थी जहरीला पदार्थ खाने से भर्ती शंकरलाल पिता फतेसिंह चौहान 68 साल निवासी ग्राम मुंडला सौंधिया थाना झारड़ा की उपचार के दौरान मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि खेत पर जाने के बाद शंकरलाल ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार खेत पर पहुंचा तो हालत बिगड़ी देखी। पूछने पर जहर खाना बताया। उन्हे उज्जैन लाया गया था। शंकरलाल खेती करते थे। उन पर 5 से 6 लाख का कर्ज हो चुका था। उधार देने वाले दबाव बना रहे थे। पुलिस के अनुसार मामला झारड़ा थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की विवेचना संबंधित थाना पुलिस द्वारा परिजनों के बयान दर्ज कर शुरू की जायेगी।

परिवार बोला दिमागी संतुलन था खराब

ग्राम बांसखेड़ी में रहने वाले विक्रम पिता अम्बाराम ने भी रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसकी उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। सोमवार को भैरवगढ़ थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान परिजनों ने बताया कि मजदूरी करता था और कुछ दिनों से दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। पुलिस ने जांच के बाद ही जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने आने की बात कहीं है।



युवक की नहीं बच पाई जान

ग्राम ढाबला हर्दू में रहने वाले मनीष पिता मुकेश गिरी 18 साल को भी परिवार के लोग रविवार को जहर खाने से बिगड़ी हालत के बाद उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन मनीष की जान नहीं बच पाई। मनीष कक्षा 12 वीं का छात्र था। उसने जहर क्यों खाया था, इसका कारण सामने नहीं आया है।

शक्ति स्क्वाड ने युवती का लौटाया मोबाइल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नवरात्री में महिला सुरक्षा के लिये महिला पुलिसकर्मियों की शक्ति स्क्वाड मैदान में है। स्क्वाड टीम ने गरबा कर लौट रही युवती का मोबाइल गुम होने पर कुछ देर में खोज निकाला। यहीं नहीं युवती को सुरक्षित घर तक पहुंचाया।


नवरात्री में महिला सुरक्षा के लिये एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 150 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की शक्ति स्क्वाड का गठन किया है, जो शाम 7 बजे से रात 2 बजे तक गरबा पांडालों के साथ मुख्य मार्गो पर तैनात है। पुलिस की ओर से शक्ति स्क्वाड हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किया है। रात में हेल्पलाइन नम्बर पर गरबा पांडाल से लौट रही युवती ने अपनी सहेली के मोबाइल से कॉल किया और बताया कि उसका मोबाइल गुम हो गया है। तत्काल स्क्वाड टीम युवती के पास पहुंची और उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया गया। कुछ देर बाद मोबाइल को खोज निकाला और वापस लौटा गया। इस दौरान देर होने पर युवती को उसके घर तक पहुंचाने में शक्ति स्क्वाड ने मदद की। उज्जैन पुलिस द्वारा अपील की गई है कि नवरात्रि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी, असुरक्षा अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर महिलाएं और युवतियां निःसंकोच पुलिस से संपर्क करें। उज्जैन पुलिस आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

बर्थडे कार्यक्रम में जेल फ्यूल केन में ब्लास्ट, 2 झुलसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बर्थडे कार्यक्रम में आयोजित बफेट डिनर के दौरान खाना गर्म करने के लिये लगाई गई जेल फ्यूल केन में सोमवार रात ब्लास्ट हो गया। 2 युवक झुलस गये। दोनों को देर रात चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि कानीपुरा मार्ग तिरूपतिधाम कालोनी में रहने वाले कालूराम की पुत्री का जन्मदिन था। बर्थडे पार्टी के साथ सुन्दरकांड का पाठ रखा गया था। इस दौरान बफेट डिनर भी था। परिवार के कई सदस्य शामिल हुये थे। रात 10.30 बजे डिनर के दौरान स्टॉल पर खाना गर्म करने के लिये जेल फ्यूल जलाई गई थी। जिसकी केन में अचानक ब्लास्ट हो गया और परिवार के 2 सदस्य मालाराम पिता अशोक राम और गणेश पिता अरमानराम झुलस गये। कार्यक्रम के दौरान अफरा-तफरी मच गई। दोनों को तत्काल चरक अस्पताल लाया गया। परिजनों ने बताया कि दोनों पाइप फैक्ट्री चौराहा पर रहने वाले है और श्री शक्ति जोधपुर स्वीट्स दुकान पर काम करते है, जो परिवार की है। कार्यक्रम उनके भाई के यहां आयोजित किया गया था। दोनों के झुलसने की सूचना अस्पताल स्टॉफ द्वारा चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com